हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 29 मार्च 2024

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

## खबर संक्षेप




### चाकू लहराता युवक पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी युवक से चाकू भी बरामद किया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण संपन्न कराने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों के विरूद्व चलाए जा रहे अभियान के तहत 28 मार्च को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि विमल कुमार राजपूत (बहादुर) नामक व्यक्ति पुराना बस स्टैंड में नंदू होटल राजनांदगांव के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगों को डरा-धमका रहा है। आसपास के लोग दहशत में हैं। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके में पहुंचकर घेराबंदी कर आरोपी विमल कुमार राजपूत (बहादुर) उम्र 34 वर्ष लखोली को पकड़ा। जिसके कब्जे से एक नग लोहे का धारदार चाकू जब्त कर कार्रवाई की गई। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक एमन साहू, प्रधान आरक्षक संदीप चौहान, अरूण कौमार्य, आरक्षक विष्णु साहू, लिलेन्द्र पटेल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### युवक के दफन मिली लाश मामले में जांच तेज

**राजनांदगांव।** कोहका पहाड़ी के पास दफन मिले युवक की लाश के संबंध में पुलिस ने जांच पड़ताल तेज कर दी है।

माना जा रहा है कि इस मामले में आरोपी शीघ्र गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। पुलिस के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोहका पहाड़ी के पास एक युवक की दफन लाश मिली थी। जिसकी सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। पुलिस के अनुसार मृतक की शिनाख्ति आरी-कोनारी निवासी डोमेश्वर साहू उम्र लगभग 35 वर्ष के रूप में की गई थी। युवक अपने रिश्तेदारी में ग्राम ढाबा में रहता था। बताया गया कि इस मामले में पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है। पुलिस द्वारा ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि शीघ्र ही उक्त पूरे मामले का खुलासा हो जाएगा।

### खेत में लगे पंप को ले उड़े चोर

**राजनांदगांव।** खेत में सिंचाई के लिए लगाए गए पंप को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ठेलकाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोम्हाटोला के एक खेत के बोर में सिंचाई के लिए लगाए गए पंप एवं केवल वायर को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी जागेश्वर साहू ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### माए एंगल




# नामांकन के लिए पांच दिन शेष, पहले दिन भाजपा-कांग्रेस सहित 5 ने खरीदा फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर राजनांदगांव लोकसभा के लिए नामांकन दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 28 मार्च से 4 अप्रैल तक चलने वाली इस प्रक्रिया में अवकाश के कारण अभ्यर्थियों को केवल छह दिन ही मिलने वाले हैं। इनमें अब पांच दिन ही शेष रहे हैं। नामांकन के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल सहित कुल पांच अभ्यर्थियों ने फार्म खरीदे। पहले दिन नामांकन किसी ने भी दाखिल नहीं किया है।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल प्रदेश की राजनांदगांव, कांकेर एवं महासमुंद सीट के लिए गुरुवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस सीट से मैदान में उतरने के चलते राजनांदगांव सीट प्रदेश में सबसे हाइप्रोफाईल सीट बन गई है। यही कारण है कि यहां से उतरने वाले प्रत्याशियों पर सबकी नजरें बनी हुई है। नामांकन दाखिले के लिए पहले दिन भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडे, कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के अलावा भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के रमेश राजपूत एवं निर्दलीय भुवन साहू ने नामांकन फार्म खरीदे हैं। ज्ञात हो कि सामान्य वर्ग के अभ्यार्थी को नामांकन दाखिले के लिए 25 हजार एवं एससी व एसटी वर्ग के प्रत्याशी को साढ़े 12 हजार रुपए जमानत राशि जमा करनी होगी।

## भाजपा और कांग्रेस नामांकन के जरिये शक्ति प्रदर्शन करने की तैयारी में

### शुभ मुहूर्त देखकर प्रत्याशी जमा करेंगे नामांकन फार्म

इधर नामांकन की प्रक्रिया भले ही गुरुवार से शुरू हो गई हो, लेकिन अधिकांश प्रत्याशी पंडितों से शुभ मुहूर्त निकलवाकर ही नामांकन फार्म खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। नामांकन फार्म खरीदने से लेकर नामांकन फार्म जमा करने तक के लिए इन प्रत्याशियों ने शुभ मुहूर्त निकलवा लिया है। इतना ही नहीं फार्म किस हाथ से जमा करना है ये तक प्रत्याशी ध्यान रखने वाले हैं।



### दो चरण में करेंगे फार्म जमा

नामांकन फार्म में गलती होने पर उसे निरस्त कर दिया जाता है। यही कारण है कि अधिकांश प्रत्याशी खासकर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उम्मीदवार एक से अधिक फार्म जमा करते हैं। इस बार भी भाजपा सहित कांग्रेस दो अलग-अलग दिनों में नामांकन फार्म दाखिल करने वाली है। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा 1 और 4 अप्रैल को फार्म जमा करेगी। वहीं कांग्रेस 2 और 4 अप्रैल को नामांकन दाखिल करने वाली है।

## पुलिस को गुमराह करने हार्टअटैक का बहाना कर अस्पताल में हुआ था भर्ती

# धमकी देने से आक्रोशित होकर पुत्र ने टंगिया मार की थी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आए दिन विवाद करने एवं धमकी देने से आक्रोशित पुत्र ने टंगिया से हमला कर अपने पिता की हत्या कर दी थी। होली पर्व की रात हुई इस घटना की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस को गुमराह करने के लिए हार्टअटैक होने का बहाना कर अस्पताल में भर्ती था।

पुलिस के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 26 मार्च को कोपेनवागांव निवासी प्रार्थी ने चौकी में उपस्थित होकर सूचना दिया कि शेषनारायण वर्मा का किसी ने गला, कान में गंभीर चोंट पहुंचाकर प्राणघातक हमला कर हत्या कर दिया है। सूचना पर मौके पर जाकर देखें तो शेषनारायण वर्मा निवासी कोपेनवागांव मनोज वर्मा के घर बीच रास्ते के किनारे जहां लोग कूड़ा करकट डालते, वहां पर मृत अवस्था में पड़ा था।



### बचने अस्पताल में था भर्ती

घटना के बाद से आरोपी पुत्र डोमेश वर्मा पूछताछ व पुलिस से बचने के लिए हार्टअटैक का बहाना कर अस्पताल में भर्ती हो गया था। घटना में प्रयुक्त टंगिया में लगे होली का रंग व आरोपी के हाथ में लगे रंग एवं चोंट से प्रथम दृष्टया ही आरोपी के उपर पुलिस को शक हो गया था, पर आरोपी के अस्पताल में भर्ती होने का नाटक करने से पुलिस को पूछताछ में दिक्कत आ रही थी। आरोपी को खैरागढ़ अस्पताल से लाकर पूछताछ करने पर घटना करना स्वीकार किया व टंगिया को पास में ही खेत डोली के झुरमुट में फेंक दिया। घटना दिनांक को पहने अधजले कपड़े को निकालकर अपने घर में छिपाना बताया।

### टंगिया से किया ताबड़तोड़ हमला

जिससे पुत्र डोमेश कुमार वर्मा द्वारा पिता की बार-बार धमकी से गुस्सा होकर आरोपी पुत्र अपने पिता को हत्या करने के लिए अपने ही घर में रखा हुआ टंगिया लेकर मनोज किराना के सामने तालाब पुल में छिपकर इंतजार करता रहा। जैसे ही रात्रि साढे आठ-नौ बजे उसका पिता शेषनारायण वापस आया तो अपने पास रखे टंगिया से गला में प्राणघातक हमला किया। शेषनारायण मौके पर गिर गया, जिस पर 4-5 बार पुनः टंगिया से गला, कान, हाथ में मारकर हत्या कर दिया।

### होली के दिन हुआ था विवाद

अपराध की गंभीरता को देखते हुए मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, डीएसपी नवीन एक्का, थाना प्रभारी सीआर चंद्रा, एफएसएल टीम व डॉग स्कॉर्ट की टीम मौके पर पहुंचकर चौकी प्रभारी मोहारा प्रमोद श्रीवास्तव को विवेचना के निर्देश दिए। विवेचना के दौरान संदेही बेटा डोमेश कुमार वर्मा 22 वर्ष से पूछताछ करने पर पता चला कि पूर्व से पिता शेषनारायण मारपीट-विवाद करता था। एक बार उसकी मां को भी तलवार फेंककर मारा था। होली के दिन भी मामा लालचंद जब घर आया था, तब शराब पीने की बात को लेकर वाद-विवाद किया और मामा लालचंद को छोड़कर आता हूं फिर तुम लोगों का मजा चखाउंगा कहते हुए चला गया।

# मजदूरी बढ़ाने मनरेगा मजदूरों का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जिले के अर्जुनी में मनरेगा मजदूरों ने मजदूरी भुगतान में कटौती के मामले को लेकर चक्का जाम कर दिया। डोंगरगांव एसडीएम के मौके पर पहुंचने के बाद उनके आश्वासन पर चक्का जाम समाप्त किया गया।

लगभग 2 वर्षों से मजदूरी भुगतान में कटौती किए जाने से नाराज महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के मजदूरों ने आज राजनांदगांव जिले के अर्जुनी में सड़क पर गैती, फावड़ा , टोकन रखकर चक्का जाम कर दिया। मनरेगा मजदूरों ने इस दौरान आरोप लगाते हुए कहा कि मेट और रोजगार सहायक मिलकर उनकी मजदूरी भुगतान में कटौती कर रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि 2 वर्ष से लगभग उन्हें 140 और 160 रुपए के आसपास ही मजदूरी दी जा रही है। मनरेगा मजदूरों ने राजनांदगांव डोंगरगांव मुख्य मार्ग पर कम मजदूरी भुगतान को लेकर आवाज बुलंद की और सड़क पर बैठकर चक्का जाम कर दिया, जिससे दोनों और वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी। वहीं काम मजदूरी भुगतान को लेकर उन्होंने रोष व्यक्त किया और शासन प्रशासन से पूरे मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### एसडीएम ने दिए जांच के आदेश

सड़क पर मनरेगा श्रमिकों के द्वारा चक्का जाम किए जाने की सूचना मिलने पर डोंगरगांव एसडीएम मनोज पाल मरकाम भी मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए इस मामले की जांच का शासन दिया। जिसके बाद मनरेगा मजदूरों ने सड़क से चक्का जाम हटाया। कम मजदूरी भुगतान के मामले को लेकर एसडीएम ने कहा कि कार्य के नाप के आधार पर भुगतान किया गया होगा, उन्होंने कहा कि मनरेगा पीओ को निर्देशित कर मामले की जांच की जाएगी।

# बॉर्डर पर पुलिस-नक्सली मुठभेड़, सामान बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के औंधी आगमन के ठीक एक दिन पहले मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी जिले के औंधी तहसील से 15 किलोमीटर दूर बॉर्डर पर आगामी लोकसभा चुनाव के पृष्ठभूमि पर बेहद हिंसक घटना को अंजाम देने नक्सली कैंप किए हुए थे, जहां महाराष्ट्र की गढ़चिरौली की एंटी नक्सल यूनिट सी-60 के कमांडो ने नक्सली कैंप पर स्ट्राइक करते नक्सल संगठन को एक बार फिर करारा जवाब दिया है।

नक्सल सेल गढ़चिरौली से मिली जानकारी के अनुसार बस्तर और तेलंगाना की ओर से बड़ी संख्या में नक्सली लोकसभा चुनाव में बड़ी वारदात की फिराक में कांकेर, बस्तर, मोहला-मानपुर - अंबागढ़ चौकी तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली बॉर्डर पर दस्तक दिए हुए हैं।

⏩ शेष पेज 14 पर



### मिले बम बारूद

आज सुबह सूर्योदय के साथ ही घटनास्थल पर खोज अभियान शुरू किया गया। इसमें बड़े पैमाने पर माओवादी सामग्री, साहित्य, वायर, जिलेटीन, स्टिक्स, बैटरी, सोलर पैनल आदि बरामद किए गए। वर्तमान में उक्त वनक्षेत्र में महाराष्ट्र फोर्स की माओवादी विरोधी अभियान शुरू है। इस शौर्यपूर्ण कार्य के लिए गढचिरौली पुलिस अधीक्षक नीलोत्पल ने सराहना करते हुए जवानों की पीठ थपथपाई। साथ ही उन्होंने संकेत दिया है कि नक्सल क्षेत्र में अभियान और तेज किया जाएगा।

# 19 अप्रैल से हालेकोसा में शिव महापुराण सुनाएंगे पं. प्रदीप मिश्रा, आठ एकड़ में पंडाल का काम शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छुरिया के समीप हालेकोसा गांव में आगामी 19 से 25 अप्रैल तक शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। सात दिवसीय इस आयोजन में पं. प्रदीप मिश्रा दोपहर एक से चार बजे तक कथा सुनाएंगे। इसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर शुरू हो गई है। गांव में जहां आठ एकड़ खेत में पंडाल का काम शुरू हो गया है। वहीं यहां आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए कई इंतजाम भी किए जा रहे हैं। शिव महापुराण की कथा को लेकर आसपास के गांवों में भी काफी उत्साह देखा जा रहा है।

हालेकोसा गांव में शिव महापुराण कथा की तैयारियां शुरू हो गई है। यहां जमीन को समतल करने से लेकर पंडाल लगाए जाने का काम शुरू हो गया है। पिछले दिनों आयोजक दिनेश साहू और ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना कर तैयारियां शुरू कराई गई है। आठ एकड़ में पंडाल का काम चल रहा है। वहीं निस्तारी के लिए तालाब में पानी भरवाया जा रहा है। आयोजक का कहना है कि इस बार लाखों श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त इंतजाम किए जा रहे हैं। सात दिन तक गांव में श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था की जा रही है। गर्मी को देखते हुए पंडाल में पंखे भी लगाए जाएंगे। इसके अलावा पेयजल को लेकर भी व्यवस्थाएं की जा रही है।



### खास बातें

- हालेकोसा में 19 से 25 अप्रैल के मध्य शिवपुराण कथा
- लाखों भक्तों के आने की संभावना को देखकर किए जा रहे इंतजाम



### पिछली बार से चार गुना पंडाल

हालेकोसा में पिछले दो साल पहले भी शिव महापुराण की कथा हुई थी। इस दौरान पं. प्रदीप मिश्रा से कथा सुनने के लिए यहां लाखों लोग आए थे। उस दौरान करीब दो एकड़ में पंडाल की व्यवस्था की गई थी, लेकिन इस बार भीड़ को देखते हुए आठ एकड़ खेत में पंडाल का काम शुरू कर दिया गया है।

### दूसरी बार आएंगे पंडित मिश्रा

हालेकोसा निवासी दिनेश साहू द्वारा मार्च 2022 में गांव में शिव महापुराण की कथा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में आसपास के राज्यों से भी काफी संख्या में लोग शामिल हुए थे। पिछले कुछ माह पहले रायपुर में आयोजित कथा के समापन के बाद भी पंडित मिश्रा हालेकोसा गांव पहुंचे थे और दूसरी बार गांव में शिव महापुराण की कथा के आमंत्रण को स्वीकार किया था।

### एक हजार वालंटियर्स रहेंगे तैनात

ऐन लोकसभा चुनाव के दौरान हो रहे इस आयोजन को लेकर आयोजकों ने भी काफी तगड़ी व्यवस्था करने की तैयारी की है। करीब एक हजार वालंटियर्स तैनात किए जाएंगे, जो पूरे आयोजन स्थल में मौजूद रहेंगे। इसके अलावा आयोजन स्थल तक श्रद्धालुओं को पहुंचाने के लिए ई-रिक्शे और मिनी बस का भी इंतजाम किया जा रहा है।









## खबर संक्षेप

### भंडारा का आयोजन

**डोंगरगढ़।** बधियाटोला निवासी दशरथ सिंह ठाकुर ने राजा की 16वी जयंती के अवसर पर शिव मंदिर में भंडारा का आयोजन किया। इस अवसर पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के ट्रस्टी बबलू शांडिल्य, अजयसिंह ठाकुर, नंदू अग्रवाल, संजीव गोमास्ता, पार्षद सुरेश मरकाम, कुसुम मरकाम, बंशी साहू, रामसुख पटेल, पंडित यादव, पल्टन सिन्हा, धर्मेन्द्र साहू, अर्जुन बांदे, खोरबहारा सिन्हा, कुंदन साहू, घनश्याम सिन्हा, धन्ना सिंह, जयपाल ठाकुर आदि उपस्थित थे।



### शोल्डर में काली मिट्टी का उपयोग

**सोमनी।** समीप के ग्राम ईरा में वर्ष 2022 में शासन द्वारा स्वीकृत मुक्तिधाम रोड का निर्माण 243.60 लाख की लागत से किया गया है। रोड के शोल्डर कार्य में मुरुम की जगह काली मिट्टी डाला जा रहा है चूंकि मुक्तिधाम का एरिया शिवनाथ नदी से लगा हुआ है एवं बाढ़ ग्रसित क्षेत्र है, जिसके कारण बरसात में मुक्तिधाम क्षेत्र पानी में डूब जाता है जिससे आने जाने में काफी दिक्कतें आती है। इस आशय की जानकारी ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने पीडब्ल्यूडी एवं ठेकेदार दी लेकिन ठेकेदार मनमानी करते हुए मुरुम के जगह पर काली मिट्टी का ही उपयोग कर रहा है। बरसात में रोड के खराब होने की आशंका है।



### दो साल से अधूरा है व्यवसायिक परिसर

**मुरमुंदा।** ग्राम पंचायत मेढा में दो साल पहले व्यवसायिक परिसर काम शुरू किया गया था जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। जब निर्माण शुरू हुआ था तब सरपंच ने अस्थाई दुकान लगाकर व्यापार करने वालों को आश्वासन दिया था कि 6 माह के भीतर व्यावसायिक परिसर बनकर तैयार हो जाएगा। पात्रता के आधार पर आबंटित किया जाएगा, लेकिन दो साल बीतने के बाद भी व्यावसायिक परिसर का काम अधूरा है। अस्थाई दुकानदारों का व्यापार ठप्प है। दुकानदार शंकर लाल, जितेंद्र देवांगन, आरती साहू, डॉन देवांगन, हिरदे साहू, आदि का धंधा निर्माण के चलते बंद हो गया है। व्यापारियों ने बताया अस्थाई दुकान लगाकर जैसे तैसे रोजी-रोटी की व्यवस्था कर रहे हैं। व्यवसायिक परिसर का काम अधूरा होने के कारण दुकानदार नाराज हैं।



### कैम्प में ग्रामीणों का निःशुल्क उपचार

**छुईखदान।** भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल अ समवाय बकरकट्टा के जवानों ने सेनानी अंनत नारायण दतता के मार्गदर्शन में झिलमिली, गाताभर्री. टाटीधार संजारी में सिविक एक्सन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में द्वितीय कमान तरूण कुमार बंजारी, नेतृत्व में डॉतारकेश्वर नाथ, सहायक सेनानी संतोष कुमार सिंह, निरीक्षक देवेन्द्र कुमार, चोभर संरपच गणेश धुर्वे, संमुदपानी सरपंच अमर सिंह मरकाम सहित जवान शामिल हुए। इस मौके पर ग्रामीणों को सिलाई मशीन, पानी टंकी, वाटर फिल्टर, खुरपी, गैती, फावड़ा प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त मेडिकल कैम्प लगाकर ग्रामीणों की जाँच कर दवाईयों का वितरण किया गया। ग्रामीणों को स्वस्थ्य रहने की जानकारी दी गई। नशामुक्ति अभियान के तहत ग्रामीणों को नशा से दूर रहने प्रेरित किया गया।



### प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 7 को

**मुरमुंदा।** ग्राम विचारपुर नवागांव के तालाब किनारे नवनिर्मित शिव मंदिर एवं हनुमान मंदिर का आगामी 7 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया है। आगामी 6 अप्रैल को निज निवास में वेदी पूजन, अन्नाधिवाश एवं 7 अप्रैल को प्राण प्रतिष्ठा, हवन, प्रसादी का आयोजन रखा गया है। आयोजकों ने ग्रामीणों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

### सीनियर छात्रों को विदाई

**पटेवा।** पूर्व माध्यमिक शाला बीजेतला में कक्षा छठवीं एवं सातवीं के बच्चों ने कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा 8वी के बच्चों को बिदाई दी। इस मौके पर शिक्षकों ने विद्याथियों को अनुशासित रहने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। छठवी एवं सातवीं के बच्चों ने कलम भेंट किया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक लतमार साहू, संस्था प्रमुख रामनरेश साहू एवं प्राथमिक/माध्यमिक शाला के शिक्षक उपस्थित थे।



### बच्चों को खिलाया पौष्टिक आहार

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला टोलागांव में किसान युवा मंडल एवं ग्रामवासियों ने न्योता भोज का आयोजन प्रधान पाठक भजन लाल साहू के मार्गदर्शन प्रत्येक सप्ताह किया जा रहा है। प्रधान पाठक श्री साहू ने बताया कि ग्रामीण इस आयोजन में आगे आकर सहयोग कर रहे है। गत दिनों बच्चों को खीर, पुड़ी, मीठा, केला, अंगूर खिलाया गया। इस दौरान रूपेश्वरी साहू, नीलकंठ कोमरे, देवसिंग सोनवानी, गिरधर लाल सोनवानी, प्रदीप निर्मलकर, राधा कोमरे, कुबेर सोनवानी, राजू निर्मल, गणेश सोनवानी, योगेश्वरी सेवता, रामप्यारा सोनवानी, अंजोरी राम कोमरे, तिलक सोनवानी, अक्तू राम कोमरे, महेंद्र कोमरे, ओमप्रकाश कोमरे, रामावतार सोनवानी, यशवंत निर्मलकर, मन्नू निर्मलकर, नोहर, संजू, दिनेश, रामचंद निर्मलकर आदि मौजूद थे।



## आयुक्त ने गठित की कमेटी

# शहर में चलेगा मतदाता जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत स्वीप कार्ययोजना के बेहतर क्रियान्वयन, संचालन एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने कार्य योजना बनाकर गतिविधिया संचालित करने नगरीय क्षेत्र में समिति गठित करने जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल द्वारा निर्देश दिए गए थे। निर्देशानुसार निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने समिति का गठन कर अधिकारियों को दायित्व सौंपा है।

स्वीप संगोष्ठी एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने बताया कि जिलाधीश एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार निगम सीमा क्षेत्र में स्वीप संगोष्ठी आयोजित करने एवं शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता लाने कार्यक्रम आयोजित करने समिति का गठन किया गया है। सभी आयोजन नोडल अधिकारी मोबिन अली, उपायुक्त के मार्गदर्शन में संपन्न किया जाएगा। स्वीप संगोष्ठी, संकल्प पत्र भरवाने एवं शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक करने अपने-अपने वार्ड के प्रभारित वार्ड में उप अभियंताओं को दायित्व सौंपा गया है। जिसके सहयोगी संबंधित वार्ड के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, महिला संगठक, सहायक राजस्व निरीक्षक तथा स्वच्छता दीदी व वार्ड प्रभारी रहेंगे।



### छात्रों ने निकाला जागरूकता रैली

**कल्लूबंजारी।** शनिवार को पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी के छात्र- छात्राओं ने मतदाता जनजागरण रैली निकाल कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने प्रेरित किया। शिक्षको मार्गदर्शन में छात्र- छात्राओं ने रैली निकालकर ग्राम का भ्रमण किया। रैली के पूर्व सभा का आयोजन कर ग्रामीणों तक शत प्रतिशत मतदान करने के संदेश को पहुँचाने का प्रयास किया गया। रैली में युएस मंडावी, तिलकराम बढ़ई, शोभराय कार्ते, ट्विंटल पटेल, महेश्वर पटेल, रोमी रंगारी, मोनिका धुर्वे, मोनिका साहू, रामेश्वरी पटेल, कशिस पाल, चित्रसेन पटेल, वंदना सिन्हा, भोजलाल कंवर, कुंदन कंवर, दीपेश कंवर, भूपेन्द्र साहू, नोमिका लाऊत्रे, योगेश्वरी कोर्राम, मनीष साहू, ओजेश्वरी पटेल, आदि शामिल हुए।

# खतरनाक हुई केदारबाड़ी सड़क, आए दिन हो रहे हादसे



- नागरिकों में पनप रहा असंतोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

केदारबाड़ी से नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक 900 मीटर मार्ग लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। इस मार्ग पर हादसे बढ़ने के बाद अधिकारियों को रोकने का उपाय नहीं सुझ रहा और न ही वह इसे लेकर गंभीर हैं।

बीते दिनों गैस एजेंसी के पास बुलेट व एक्टिवा में जोरदार टक्कर हो गई। दोनों गाड़ी सवारों को गंभीर चोट आई। करीब 30 मिनट तक 112 को सूचना देने के बाद भी उन्हे कोई सहायता नहीं मिली। एक गाड़ी वाले ने समझदारी दिखाते हुए दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया। अब दोनों की हालत स्थिर है। आए दिन दुर्घटना होने से लोगों में रोष बढ़ने लगा है। इस 900 मीटर सड़क से दो प्रमुख स्कूल एवं नेहरू महाविद्यालय के विद्यार्थी गुजरते है। सुबह और दोपहर को इस मार्ग में ट्रैफिक जाम की स्थिति तक निर्मित हो जाती है।

स्थिति यह आ जाती है कि जरा सा भी ध्यान भटकने पर दुर्घटना हो जाती है। इस मार्ग पर हर हफ्ते दो से तीन दुर्घटनाएं होती है। जा चुकी है। उसके बावजूद भी प्रशासन का इस और ध्यान न जाना उनके कार्य प्रणाली पर ही प्रश्न चिन्ह लगता है। एसडीओपी आशीष कुंजाम ने बताया कि निश्चित मार्ग में अगर दुर्घटनाएं अधिक होती है तो उच्च अधिकारियों की टीम थानों की मदद से ब्लाइंड स्पॉट एरिया चिन्हांकित करती है। इस इलाके में दुर्घटनाएं बढ़ रही है तो जल्द उचित उपाय किए जाएंगे जिससे दुर्घटनाएं कम हो सके।

## पेट दर्द से परेशान महिला के गर्भाशय में थी गांठ, डॉक्टर ने बचाई जान

**राजनांदगांव।** महीनों से अपने पेट दर्द से परेशान एक महिला डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल जांच के लिए पहुंची। डॉ .सुरभि ने जब जांच की तो पता चला कि समस्या आसान नहीं है।

महिला के गर्भाशय में बड़ी गांठ होने की जानकारी मिलने के बाद उसकी सर्जरी ही एकमात्र इलाज था। अंततः ऑपरेशन द्वारा गांठ निकालकर उसे दर्द से छुटकारा दिलाया गया। स्थानीय बल्देवबाग स्थित डॉ. कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ (गाइनोकोलाजिस्ट) डॉ. सुरभि मोहबे के पास एक ऐसी महिला इलाज हेतु पहुंची, जो कई महीनों से पेट दर्द से परेशान चल रही थी।

महिला से चर्चा के बाद कोई कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा था। दर्द की वजह से उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। दर्द का कारण जानने आवश्यक जांच प्रक्रिया शुरू की गई। जांच में यह बात पता चली कि महिला के गर्भाशय में एक बड़ी गांठ है। डॉ. सुरभि ने बताया कि गांठ की साइज 28×26×15 सेंटीमीटर थी। इस तरह के केस बहुत कम मरीजों में पाए जाते हैं। सबसे बड़ी समस्या खून की कमी के रूप में भी पाई गई। मरीज महिला खेमिनबाई (45) निवासी एलबी नगर के शरीर में महज 5 ग्राम खून था। समदा हॉस्पिटल के यूरोलॉजिस्ट डॉ. निखर जैन से चर्चा कर ऑपरेशन के दौरान डीजे स्टेंट लगाने का विचार किया गया। इसके लिए पहले महिला को 12 यूनिट खून चढ़ाया गया। मरीज का खून ओ नेगेटिव होने से उसकी पूर्ति में भी कठिनाई आई ,किंतु उसका इंतजाम कर लिया गया।

## काली मंदिर में ज्योति कलश स्थापना 9 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़



केदारबाड़ी स्थित काली मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर भक्तों द्वारा ज्योति कलश स्थापना किया जाएगा। यहां ज्योति कलशो की स्थापना आगामी 9 अप्रैल को होगी। अष्टमी हवन पूजा 16 अप्रैल तथा ज्योति कलशो का विसर्जन 17 अप्रैल को किया जाएगा। ज्योति कलश स्थापना कराने के इच्छुक श्रद्धालु 11 सौ रूपए जमा कर सकते है। काली मंदिर में प्रत्येक माह अमावस्या को रात्रि में विशेष पूजा होती है। यह जानकारी कालीबाडी मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार डे ने दी।

## गड़बड़ी उजागर पर कार्रवाई ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

नगर में विकास के नाम पर कराए गए निर्माण कार्यो में अनियमितता उजागर करते हुए भाजपा जनप्रतिनिधियों ने शिकायत किया किन्तु किसी भी मामले में अब तक कार्रवाई तो दूर जांच तक शुरू नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका में बीते 5 साल में 5 अधिकारी पदस्थ हुए है। कांग्रेस शासन काल में 3 सीएमओ एसके देशलहरा, यमन देवांगन, प्रमोद शुक्ला का स्थानांतरण हुआ था। चौथे सीएमओ कुलदीप झा का स्थानांतरण विधानसभा चुनाव के बाद किया गया। बीते 5 साल में निर्माण में हुई गडबडी एवं फर्जीवाड़ा की शिकायत के बाद भी जांच नहीं होने से प्रशासन की नियत पर सवाल खड़े होने लगे है।




### अधूरा काम पूरा आहरण

जानकारी के अनुसार लगभग 50 लाख की खाद मशीन कबाड़ में पड़ी है। गौशाला की जमीन पर लगभग 14 लाख की लागत से बनने वाले गार्डन में महज 3 लाख खर्च कर पूरी राशि का आहरण कर लिया गया है। उपर मंदिर ओवर ब्रिज में घाटिया स्तर की लगभग 2 से 3 लाख की लाईट का 15 लाख एवं कचहरी चौक, बधियाटोला मार्ग 3 से 4 लाख का चेकर टाईल्स लगाकर 10 से 15 लाख भुगतान किया गया है। वार्ड 21 में सडक मरम्मत के नाम से कागजों में काम दर्शाकर राशि का आहरण कर लिया गया है। इन मामलों को सांठगांठ और राजनीतिक संरक्षण में दबा दिया गया है।

# 30 से बढ़ेगी कांग्रेस की गतिविधियां

## सभाओं में शामिल होंगे भूपेश बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

चुनाव प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही कांग्रेस ने मोर्चा संभालना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में बुधवार को पदाधिकारियों और कार्यकताओं की बैठक आयोजित कर संगठन की सक्रियता बढ़ाने और प्रचार प्रसार की रणनीति पर विचार किया गया। आगामी 30 मार्च को संगठन ने सेक्टरवार कार्यक्रम रखा है जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे। स्थानीय कांग्रेस भवन मे विधायक दलेश्वर साहू की मौजूदगी मे बैठक का आयोजन किया गया जिसमे ब्लाक अध्यक्ष चेतन साहू, अब्दुल खां, जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, नरेश शुक्ला, गुलाब वर्मा, मदन साहू, अरुणा देवांगन, वैशाली बोरकर आदि बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव के व्यापक प्रचार की रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में हर सेक्टर के प्रभारी का मनोनयन किया गया जिसके नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की टीम चुनाव में पूरी सक्रियता के साथ काम करेगी।

### बघेल आएंगे 30 को



जानकारी के अनुसार पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आगामी 30 मार्च को क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। आगामी 30 मार्च को ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम रामपुर में सभा, अर्जुनी में 1 से सभा, आरी में ग्राम पटेलों का सम्मेलन, 4 बजे तुमडीबोड में सभा का आयोजन किया गया है। बैठक में लोकसभा प्रभारी सुजीत बघेल, अजय मारकंडे, गणेश साहू, संध्या साहू, प्रियंक जैन, अखिलेश नखत, टिकेश साहू, सुयश नाहटा, ललित लोढा, डां नरेन्द्र साहू, दीबिका साहू, मोहनी साहू, लीलम गोस्वामी, लिलेश पटेल, विशाल , गोल्डी, शिव वैष्णव, रौशन बंजारे, भुवाल साहू, रेवा साहू, टिकेश्वर, कमल नारायण वैष्णव, प्रदीप रत्नाकर, सद्दाम खत्री, अब्दुल वसीम, अब्दुल करीम, नियाजुद्दीन सोलंकी, मुश्ताक खान आदि मौजूद थे।

# खेत से सागौन की कटाई



(फाईल फोटो)

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ वन परिक्षेत्र के घोटिया में सागौन की अवैध कटाई का मामला प्रकाश में आया है। अधिकारी मामले की जानकारी होने के बाद कार्रवाई करने के बजाए दबाने में लगे हैं। जानकारी के अनुसार गत 24 व 25 मार्च को घोटिया मार्ग पर लीज पर ली गई एक जमीन से देवकट्टा के एक शिक्षक द्वारा सागौन के कई वृक्ष कटवाने की जानकारी वन अधिकारी को दी गई थी, किन्तु वन विभाग ने राजस्व का मामला होना महज नोटिस जारी कर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जबकि पंचनामा बनाकर वन विभाग को लकड़ी जप्त करना था। वन विभाग की एसडीओ पूर्णिमा राजपूत ने बताया कि राजस्व का मामला होने के कारण जमीन स्वामी को नोटिस जारी कर मामले की जानकारी राजस्व विभाग को दी गई है।

## तीसरी में अन्नया प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

केन्द्रीय विद्यालय की कक्षा तीसरी की छात्रा भोथली निवासी अन्नया देवांगन पिता रोहित देवांगन ने 400 अंको में 395 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

अंग्रेजी एवं गणित में 100 प्रतिशत अंक मिले हैं। अन्नया की इस उपलब्धि पर परिजनों, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने बधाई दी है।

**न्यायालयः- श्रीमान मोटर दुर्घटना दावाधिकरण, राजनांदगांव छ.ग.**

क्लेम प्रकरण क्रमांक-20/2024, प्रोसेस क्रमांक-929/24, पेशी दिनांक-09.05.2024

खिलावन पाण्डेय वगै. ......आवेदक

// बनाम //

जितेन्द्र चौधरी वगैरह .........अनावेदकगण

प्रति, रोशन लाल आ. मिल्खी राम ठाकुर, उम्र-72 वर्ष निवासी- ग्राम-देवादा, पोस्ट-टेडेसरा, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

जो कि आवेदक खिलावन पाण्डेय, द्वारा आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 20/2024 खिलावन पाण्डेय विरुद्ध जितेन्द्र चौधरी वगैरह में मोटर दुर्घटना से क्षतिपूर्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसकी आगामी पेशी तारीख 09.05.2024 को नियत किया गया है। आपको नियत पेशी दिनांक को न्यायालय दुर्घटना दावाधिकरण, राजनांदगांव के समक्ष समय 11.00 बजे उपस्थित होने के लिये समंस दिया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिन्हें सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस दावे से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी अनुदेश दिया जाता है कि आप इस दिन सभी दस्तावेजों को पेश करें, 'जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित हो।

अतः आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोटः- यदि किसी कारणवश पेशी तारीख को सार्वजनिक अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

अतः आज दिनांक 27.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर और अधिकरण की मोहर लगाकर जारी किया गया।

राजनांदगाँव छ.ग.
दिनांक-27.03.2024
(मुहर)

न्यायालय
(आलोक कुमार)
मोटर दुर्घटना दावाधिकरण
राजनांदगाँव (छ.ग.)

## नगाड़े की थाप पर थिरकी भाजपा नेत्रियां

# मिलन समारोह में बिखरे रंग






हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी

केकतीटोला में भाजपा महिला मोर्चा ने होली मिलन समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू थी। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कमलेश सारस्वत, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, जिला पंचायत सदस्य अरुण यादव उपस्थित थे। इस मौके पर महिला मोर्चा की पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने जम कर गुलाल उड़ाए व नगाड़ो की थाप पर फाग का आनंद लिया। इस दौरान देवनारायण कुंभकार, ईश्वरी धुर्वे, कुंजलता हरमुख, योगमाया साहू, तीजन बाई मानिकपुरी, गौरव शर्मा, श्यामा देवी निवारे, सतीष शर्मा, गौरीशंकर गुरले, सुंदरीबाई बाघमारे, मोहन भारद्वाज सहित अन्य मौजूद थे।

### शिक्षकों ने जमकर खेला होली

**बांधाबाजार।** संकुल स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन प्राथमिक शाला कोलियारी में कल्पलता चन्द्रवंशी के नेतृत्व में किया गया। शिक्षक शिक्षिकाओं ने गाजे बाजे के साथ एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया। शिक्षक समुदाय ने इस आयोजन की सराहना करते हुए श्रीमती चंद्रवंशी एवं शिक्षकों का आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर राजकुमार साहू, प्रवीण रावटे, यशवंत रामटेके, कोमल साहू, विजय कंवर, आनंद चंद्रवंशी, धनेश्वरी विनायक, कीरत गणवीर, शिवकुमार साहू, अशोक पटेल, राकेश खोब्रागढे, मोनोलिसा महला, फूलमत चन्द्रवंशी, थनेश्वरी चन्द्रवंशी, कुसुमलता मंडावी, बलेश्वरी चन्द्रवंशी, साहेबीन बाई आदि शामिल हुए।

### हीरा धम्मगेश्वर का निधन



**सड़क चिरचारी।** ग्राम मोहनपुर निवासी हीरा धम्मगेश्वर पिता रामसिंग का 80 साल की आयु में गत 27 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीण शामिल हुए।

**पाठक सूचना**

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस फैला रही भ्रम



**छुरिया।** मंडल भाजपा के महामंत्री संजय सिन्हा ने कांग्रेस पर लोगों को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के खाते में 1000 रुपए जमा करवा दिया है इसके बाद भी चुनावी लाभ के लिए कांग्रेसी यह प्रचार कर रहे हैं कि लोकसभा चुनाव के बाद राशि वापस ले लिया जाएगा या राशि नहीं मिलेगी। उन्होंने कहा कि जनता जागरूक हो चुकी है और वह किसी के बहकावे में नहीं आएगी।

### मतदान दलों का प्रथम रेंडोमाइजेशन संपन्न

**मोहला।** कलेक्टर एस जयवर्धन की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों का प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र राजनांदगांव अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र खुज्जी एवं मोहला मानपुर के लिए मतदान दलों के गठन उपरांत रेंडोमाइजेशन किया गया है। उल्लेखनीय है कि खुज्जी अंतर्गत 69 मतदान केंद्र एवं मोहला मानपुर अंतर्गत 237 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मोहला मानपुर विधानसभा में 10 महिला मतदान केंद्र, 1 दिव्यांग मतदान केंद्र एवं 5 युवा मतदान केंद्र बनाया गया है। महिला मतदान केंद्र, दिव्यांग मतदान केंद्र एवं युवा मतदान केंद्र को छोड़कर शेष सभी मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त मतदान दलों का प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया। पीपीआरएस सॉफ्टवेयर के द्वारा 1448 कर्मचारियों का प्रथम रेंडोमाइजेशन किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, सहायक रिटर्निंग अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य उपस्थित थे।

### सेनि शिक्षक ने खिलाया खीर-पूड़ी और मिठाई

**खैरागढ़।** लगातार 35 साल तक एक ही गांव संडी में पदस्थ सेनि शिक्षक दिलीप सिंह बैस ने बच्चों को न्यौता भोजन कराया। प्राथमिक व पूमाशा स्टाफ, शाला पब्रंधन समिति के सदस्यों ने बच्चों के साथ खरी पूड़ी का आनंद लिया। सेनि शिक्षक दिलीप सिंह बैस का सभी ने शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने गांव की आराध्य शीतला मंदिर मे रंग रोगन के लिए मंदिर समिति को पांच हजार एक रूपए दिया और पूमाशा की कक्षा आठवी व प्राथमिक शाला में पांचवी कक्षा में पहला स्थान पाने वाले बच्चों को उनके द्वारा हर साल स्वतंत्रता दिवस के दिन एक एक हजार रूपए पुरस्कार दिया जाएगा। इस अवसर पर एबीईओ किशोरी लाल अमेला, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, शैक्षिक समन्वयक प्रयाग सिंह, सेनि शिक्षक विजय झा, लखनलाल यादव, राजेश अग्रवाल, सहित प्राथमिक शाला प्रपा पद्मा साहू, फिरोज खान, निहारिका झा, भारती मिश्रा, लेखा नायक, चेतन वर्मा, हीरालाल वर्मा, गोरेलाल वर्मा, श्रीराम शर्मा, कैलाश तिवारी, नारायण, छोटेलाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### यूजीसी से मिलने वाली ग्रांट में होगी कमी

# कुप्रबंधन का खामियाजा, संगीत विवि को मिला नैक में 'सी ग्रेड'

## संगीत विवि की साख पर सीधे तौर पर पड़ेगा प्रभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नौ साल पहले 2014 में बेहतर शिक्षण सहित अन्य व्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश में सर्वाधिक अंक लेकर नैक ग्रेडेशन मे ए रैंक हासिल करने वाली इंदिरा कला संगीत विवि का इस दफे नैक ग्रेडेशन सी रैंक हो गया है जिसके चलते यूजीसी से मिलने वाली ग्रांट मे कमी होगी।

नैक ग्रेडेशन के आधार पर बेहतर व्यवस्था का आकलन कर दूसरे प्रदेशों और देश से यहां पढ़ने आने वाले बच्चों की संख्या कम होगी। शोध सहित अन्य कार्यों पर इसका दुष्प्रभाव पड़ेगा और आने वाले सालो में संगीत विवि की साख में सीधे तौर पर इसका प्रभाव दिखेगा। 2014 मे नैंक ग्रेडेशन के दौरान साफ सफाई, शिक्षण व्यवस्था, दस्तावेजी निरीक्षण, स्थल अवलोकन, शोध, नवाचार सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखकर नई दिल्ली की नैक टीम ने संगीत विवि को ए रैंक के लिए उपयुक्त माना जिसके बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा ए रैंक दिया गया जिसके चलते पांच सालों तक विवि के समग्र विकास को लेकर यूजीसी से पर्याप्त राशि मिलती रही वही प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से बच्चे भी अध्ययन के लिए आते रहे।



### समीक्षा बैठक बेनतीजा रहा

पता चला है कि नैक ग्रेडिंग में कमतर होने के बाद कुलपति, कुलसचिव की उपस्थिति में आयोजित समीक्षा बैठक मे सभी ने एक दूसरे पर इसका ठीकरा फोड़ा। विवि के वर्तमान प्रशासनिक अधिकारियो ने पूर्व कुलपति के कार्यकाल के दौरान काम करने वाली टीम पर असहयोग का आरोप लगाया और नैक ग्रेडेशन मे कमी के लिए जिम्मेदार बताया इस दौरान चुप रहे 2014 मे तैनात टीम सदस्यो का कहना है कि विवि प्रशासन वर्तमान मे भाई भतीजावाद की भेंट चढ़ चुका है। अपेक्षित सहयोग देने तैयार थे, लेकिन उन्हें दरकिनार करके रखा गया।

### जानकारी के बाद भी तैयारी रखी अधूरी

संगीत विवि को नैक ग्रेडेशन मे सी रैंक मिलने के पीछे काफी सारी वजहे सामने आ रही है। पता चला है कि अधिकारियों के रहने के बावजूद आईक्यूएसी का डायरेक्टर शिक्षक को बनाया गया जो टीम के सामने सही तरीके से प्रेजेंटेशन नही दे पाया। स्टुडेंट्स फीड बैक में भी आनलाईन शिकायते मिली। 2014 मे नैक टीम से आमना समाना कर चुके अधिकारियो को हटाकर नए नवेलों को काम सौंपा गया। मैदानी अमला भी साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को समय रहते पूरा नही कर पाया। युवा महोत्सव मे उपलब्धि के अलावे कोई नया काम विवि प्रशासन के खाते मे नही जुड़ा जैसी अनेक वजहो और आधी अधूरी तैयारी के चलते ग्रेडेशन मे निर्धारित रैंक हासिल नही करने से संगीत विवि को भविष्य मे नुकसान उठाना पड़ सकता है। आनलाईन आकलन के दौरान देश के अलग-अलग हिस्सों सहित विदेशो से यहां पढ़ने आने वाले बच्चे भी इससे दूर होंगे जिसके चलते संगीत विवि की साख पर गहरा असर पडने के साथ साथ शहर की अर्थव्यवस्था भी काफी प्रभावित होगी।

### रैंक बचाने नहीं किया कोई विशेष काम

पांच साल बाद 2019 में दुबारा नैक टीम द्वारा संगीत विवि की व्यवस्था का आकलन निरीक्षण कर रेंक दिया जाना था, लेकिन कोरोना काल या अन्य किसी वजहों से टीम नही पहुंच पाई थी। मार्च 12 से 15 तक तीन दिनों तक पांच सदस्यीय दल ने संगीत विवि की व्यवस्था को बारीकी से परखा और अपनी रवानगी से पहले कुलपति, कुलसचिव सहित सभी कार्यालयीन व शैक्षणिक स्टाफ की बैठक में सीधे तौर पर कहा कि संगीत विवि तालमेल और आपसी सामंजस्य के अभाव मे अपनी क्षमतानुरूप प्रदर्शन नही कर पा रहा है। उस दौरान ही यह बात स्पष्ट हो गई थी कि विवि प्रशासन कुप्रबंधन और भाई भतीजावाद के चलते नैक की अपेक्षाओ में खरा नही उतर पाया है। जिसका पता तब चला जब नैक ने वेबसाइट मे इसकी जानकारी साझा कर बताया कि 2014 के मुकाबले टीम ने ग्रेडिंग मे इस दफे संगीत विवि को कम अंक दिया है। गौरतलब है कि ग्रेडिंग को लेकर परिषद द्वारा 70/30 का रेसियो तैयार किया गया है जिसमे 70 अंक आनलाईन प्रेजेंटेशन और 30 अंक भौतिक सत्यापन के लिए तय है। इस लिहाज से देखे तो संगीत विवि दोनो मामलो में कमतर साबित हुआ और प्रेजेंटेशन के साथ साथ स्थल अवलोकन मे भी फेल हो गया।

# अबकी बार चार सौ पार का लिया संकल्प



■ विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राम मंदिर में आयोजित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में भाजपाइयों सहित कार्यकर्ताओं ने फिर एक बार मोदी सरकार के नारे लगाकर सुनिश्चित जीत का संकल्प लिया।

लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल ने कहा कि लोकसभा चुनाव को सिर्फ चुनाव नही है बल्कि चुनौती मानकर अबकी बार चार सौ पार के आंकड़े का छूना है। यह सिर्फ सांसद बनाने का चुनाव नही है बल्कि यह नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है। श्री चन्देल ने कहा कि सम्मेलन के बाद अविलंब कार्यकर्ता सभी समाज के लोगों से मिले, घरों में जाए और भाजपा के लिए आज से ही समर्थन जुटाने के काम मे लग जाए। बीते पांच साल कांग्रेस राज मे कुशासन को बोलबाला था। भाजपा कार्यकर्ता पीड़ित रहा है। उन्होंने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा के भाजपा कार्यकर्ता को सौभाग्य मिला है कि प्रदेश को पांच साल लूटने वाले कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम भूपेश बघेल को बता सके कि लूटने वाले को मौका नही दिया जाता।

### बूथ स्तर पर काम करने किया प्रेरित

सम्मेलन मे सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि आप सभी का एक-एक वोट सीधा मोदी को पहुंचेगा। मुझे पार्टी का कार्यकर्ता समझकर सहयोग करे। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल ने कहा कि पूरी मेहनत से भाजपा को जीत दिलाने जुट जाए और शानदार जीत में योगदान दे। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पिछले 5 साल तक भूपेश बघेल की सरकार ने खूब अत्याचार किया, अब इस सरकार के मुखिया को पराजित करने का सौभाग्य सभी कार्यकर्ताओं को मिला है। सभी मोदी सरकार को दोबारा लाने एकजुट हो जाए। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने सम्मेलन में संगठन की जानकारी रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को जीत का संकल्प दिलाया और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को मेहनत कर शानदार जीत के लिए प्रेरित किया। इस दौरान भाजपा नेता दिनेश गांधी, कोमल जंघेल, भागवत शरण सिंह, खम्मन ताम्रकार, रामाधार रजक, अनिल अग्रवाल, विनय देवांगन, नीलिमा गोस्वामी, विकेश गुप्ता, चंद्रशेखर यादव, आयश सिंह बोनी, प्रकाश सिंह ठाकुर, सूर्यदमन सिंह, आशीष सिंह, कोमल वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# दिव्यांगों-पीड़ित कर्मचारियों को निवार्चन से दूर रखने सौंपा ज्ञापन

■ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन ने हजारों की संख्या में शासकीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। इनमें ऐसे कर्मचारी भी शामिल हैं, जो दिव्यांग, गंभीर बीमारी से पीड़ित है। वहीं कुछ कर्मचारी 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले भी हैं, ऐसे में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

सौंपे गए ज्ञापन में निर्वाचन कार्य से ऐसे शासकीय सेवकों को पृथक रखे जाने की मांग की गई है, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग अथवा गंभीर बीमारी जैसे हार्ट सर्जरी, किडनी ट्रांसप्लांट इत्यादि से पीड़ित हैं।

इसके अलावा सुरक्षा की दृष्टि से महिला कर्मचारियों को भी पृथक रखे जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही 60 वर्ष से अधिक उम्र वाले शासकीय कर्मचारियों को चुनाव से कार्यमुक्त रखा जाए। हालांकि ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि सेवाएं अति अनिवार्य हो तो इन्हें निर्वाचन कार्यालयों में कार्यालयीन कार्य हेतु संलग्न कर दिया जाए। इसके साथ ही निर्वाचन के दौरान ड्यूटी करने वाले वाहन चालकों, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी मानदेय देने की मांग रखी गई है।

### लोकसभा में सैकड़ों ऐसे कर्मचारी

मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में भी सैकड़ों की संख्या में दिव्यांग शासकीय कर्मचारी हैं। इनमें अधिकांश कर्मचारियों को चुनावी कार्य में लगा दिया गया है, इनकी बाध्यता को देखने के बावजूद उन्हें ड्यूटी करने कहा जा रहा है। सर्वाधिक शिकायतें खैरागढ़ जिले से आ रही है, जहां दिव्यांग शासकीय कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी लगाई गई है।

# दस सालों से पीएम कर रहे दिखावे की राजनीति

## सिर्फ मंच से आम लोगों की चिंता करने वाले पीएम है मोदी : यशोदा वर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नरेंद्र मोदी को राजनैतिक मंचो से आम आदमी के लिए रोटी कपड़ा मकान की चिंता करने वाला पीएम बताते हुए विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि पीएम बीते दस सालों से राजनैतिक मंचों से दिखावे की राजनीति कर रहे है।

गरीबों की चिंता करने वाला बताते हुए लोगों को बरगलाने के अलावा उन्होंने कुछ नही किया है। विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि जमीनी हकीकत से कोसों दूर पीएम के साथ भाजपा नेता भी कोरे बयानबाजी मे माहिर है। आज रोटी कपड़ा मकान की कीमत दुगुनी तिगुनी हो गई है। चाय पीने के लिए भी जीएसटी की मार आम आदमी को सहना पड़ रहा है। दस साल पहले की जो बिल्डिंग मटेरियल आसानी से कम कीमत मे मिलता था आज जीएसटी के कारण महंगा हो गया है।

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि भाजपा नेताओं को कहना कि मोदी के आने से देश की दशा दिशा बदल गई वाजिब जान पड़ा है क्योकि आज सरकारी संपत्ति प्राइवेट कंपनियां खरीद रही है। नौकरी की आस में बेरोजगार युवकों की फौज खड़ी हो गई है। भाजपा गुपचुप तरीके से बीफ कंपनियों से करोड़ों रूपयों का कमीशन रूपी चंदा ले रही है और उसके नेता सार्वजनिक जगहों पर गाय का माता मानने की नसीहत दे रहे है। बीते दस सालों में मोदी राज मे आम जनता भाजपा की कथनी करनी के अंतर को जान गई है। विज्ञापन मे देश के विकास की बातो की असलियत समझ गई है।

### किसान हित में कांग्रेस ने किया काम

विधायक यशोदा वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को कटघरे में लेते हुए कहा कि पांच सालों तक क्षेत्र मे नजर नही आने वाले संतोष पांडेय ने आम जनता की सहूलियत सुविधा को लेकर कोई काम नही किया है जबकि कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के सीएम कार्यकाल में जनता की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। पांच साल पहले गांव के 25 से 30 प्रतिशत किसान जमीन बेच रहे थे, लेकिन भूपेश सरकार ने किसानों का कर्ज माफ और धान की मूल्य 25 सौ, कोदो, कुटकी, रागी व फलदार खेती में 10 हजार प्रोत्साहन राशि देकर किसान को आर्थिक रूप से मजबूती दी है। जिसके चलते आज किसान जमीन बेचने मजबूर नहीं है। विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी गांव के किसान है, किसान हित के बारे में जानते समझते है और उनके विकास के लिए काम करते हैं।



### संजय का महावीर चौक में स्वागत

**राजनांदगांव।** साइकिल से उज्जैन महाकाल की यात्रा कर राजनांदगांव घर लौटे संजय साहू का जीवनदान सेवा संस्था ने महावीर चौक में भव्य स्वागत किया। संस्था ने बताया कि सनातन धर्म के प्रचार और आस्था को देखते चिखली निवासी संजय साहू साइकिल से उज्जैन महाकाल की यात्रा पर निकले थे, जो महाकाल यात्रा कर 27 मार्च की शाम को वापस राजनांदगांव पहुंचे, जिनका भव्य स्वागत महावीर चौक में किया गया। इस स्वागत की कड़ी में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री एवं संस्था के सदस्यों ने माला पहनाकर भव्य स्वागत करते संजय साहू का मनोबल बढ़ाया। इस दौरान राजबहादुर सिंह, लालमुनई सिंह, गेंदलाल निषाद, महेंद्रलाल जंघेल, हरीश भानुशाली, भारत भूषण वैष्णव, ऋषभ मल्ल, रोशन अग्निहोत्री, सुमन कुमार लोधी, आकाश राजपूत, संतोष जंघेल आदि शामिल थे।

# रैली निकालकर ली मतदान की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




मतदाता जागरूकता अभियान के तहत करेंगे शत-प्रतिशत मतदान की ओर नारा देकर मतदान के दिन मतदान केंद्र में आकर अपना वोट अवश्य करने हेतु कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में लोकसभा आम चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदान की ओर बढ़ने राजनांदगांव जिला द्वारा प्रयास किया गया। इसकी शुरूआत ग्राम टेडेसरा से किया गया। कार्यक्रम को स्वीप संगोष्ठी का नाम दिया गया। सभी विकासखंडों में इस संगोष्ठी का आयोजन किए जाने का निर्देश जारी किया गया है। ग्राम पंचायत के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों के सभी मतदाता, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक, सभी शासकीय सेवक, युवा मतदाता एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स को शामिल करते संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने एवं सभी जागरूक मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम में सीईओ सुरूचि सिंह द्वारा विस्तार से लोगों से चर्चा कर जानकारी देते अपील की गई कि राजनांदगांव विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में टेडेसरा ऐसा ग्राम रहा है, जहां पिछले चुनाव में कम मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। सभी मतदाताओं को मतदान केंद्र की ओर ले जाने संकल्प पत्र भरवाए गए, सभी को प्रेरित किया गया।

### संगोष्ठी में की गई चर्चा

कार्यक्रम में राजनांदगांव जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तनुजा मांझी, जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप की जिला नोडल अधिकारी रश्मि सिंह एवं राजनांदगांव जिला स्वीप टीम के सदस्यगण उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सर्वप्रथम कम मतदान होने के कारणों को जाना गया और चर्चा की गई की। कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाता, नए वोटर एवं बुजुर्ग मतदाताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन रैली द्वारा किया गया। रैली में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और नारों के साथ गांव की गलियों का भ्रमण करते मतदाता शपथ के साथ कार्यक्रम को समापन किया गया।

### हर्षोल्लास के साथ दो दिनों तक मनाया गया रंगों का त्यौहार

# रंग अबीर से सनी संगीत नगरी, जमकर उड़ा गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शहर सहित पूरे इलाके में रंगोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। रविवार रात पारंपरिक रूप से होलिका दहन बाद सोमवार सुबह से बच्चों की होली शुरू हो गई। रंग बिरंगी पिचकारी में राह चलते लोगों पर रंग डालने के साथ टोली बनाकर रंग उड़ाया।

दोपहर से युवाओं की होली शुरू हुई जो पूरे शहर मे घूम घूमकर रंग अबीर उड़ाते रहे। डीजे और नगाड़ो की थाप साथ फाग सुनाई दिया। महिलाओं भी होली में रंग गुलाल खेलने मे बच्चों और युवाओं को मात देते दिखी। शहर में हर जगह रंग गुलाल बिखरा और लोगों का चेहरा रंग बिरंगा रहा। होली की खुमारी मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। पुलिस ने भी तगड़ी व्यवस्था कर रखी थी जिसके चलते पूरे दिन शहर सहित इलाके में शांतिप्रिय ढंग से होली मनी। रमजान माह के दौरान होली पर्व को देखते हुए पुलिस ने चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी। शहर के सभी चौक चौराहों में जवान तैनात किया गया था वही पूरे दिन पेट्रोलिंग गाड़ियां चक्कर लगाते रही। नशे मे वाद विवाद की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने पहले समझाइश देकर मामला शांत कराया उसके बाद भी नही मानने पर आधा दर्जन के आसपास मामला दर्ज किया है। जवानों की मौजूदगी और लगातार पेट्रोलिंग वाहनों की आमद के चलते इलाके मे हुड़दंगियों पर पूरी तरह से लगाम कसा रहा और शांतिपूर्ण वातावरण मे रंगोत्सव मना।

संगीत विवि मे उड़ा रंग गुलाल, फाग-गीतों पर झूमे कर्मचारी इंदिरा कला संगीत विवि में गैर शिक्षक कर्मचारी संघ ने उल्लास से होली मनाया। होली मिलन में एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दीं। संघ अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह ने बताया कि कर्मचारी साथियों के लिए संघ द्वारा कार्यक्रम रखा गया। संघ सचिव जेएन सांठिया मुख्य गायक के साथ विद्यार्थियों और अन्य कर्मचारी ने फाग की धुन पर जमकर थिरके। अध्यक्ष प्रखर शरण सिंह ने कहा कि सामाजिक रीति-रिवाजों और तीज-त्यौहारों को सभी कर्मचारी साथी सौहार्द्र और भाईचारा के साथ मना सकें, इसलिए संघ इस प्रकार के आयोजन समय-समय पर करते आ रहा है।

### गिला-शिकवा दूर कर गले मिलने का पर्व

ब्लाक के विभिन्न गांवों में आयोजित होली फाग महोत्सव मे जिला पंचायत सभापति विप्लव साहू शामिल हुए। रीवागहन और आल्हा नवागांव मे आयोजित उल्लास, खुशी और रंग से भरे पर्व में शामिल विप्लव साहू ने जनमानस को होली पर्व की शुभकामना देते हुए कहा कि मनुष्य ने सभ्यता के विकास के साथ अपनी संस्कृतियों को भी विशेष स्थान दिया है। भारतीय संस्कृति में होली महोत्सव एक विशेष पर्व के रूप में मनाया जाता है, इसमें पूरे भाईचारे के साथ मनाने का एक दूसरे से तमाम गिला शिकवा दूर करने और जीवन को आल्हादित करने का अवसर मिलता है। इस दौरान पूर्व शिक्षक मंशाराम सिमकर, गुड्डा सिंह गहरवार, शिवानंद यादव, डॉ गम्मन कौशिक, शक्ति नवयुवक उत्सव समिति अध्यक्ष दीलेश्वर वर्मा, उपाध्यक्ष पारस वर्मा, सचिव मोहित साहू सचिव दिनेश नेताम और संचालक हिंदढास मानिकपुरी साथ सदस्य रवि पटेल, हरीश पटेल, संजू वर्मा, सूरज वर्मा, कोमल नेताम, शुभम पटेल, लोकेश पटेल, तुलेश्वर वर्मा, संजू चंदेल, खेमलाल चंदेल, टिकेश साहू, शिक्षक बैनदास साहू, विकास साहू, नरेश साहू, मिलाप दास साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

### आईटीबीपी जवानों संग ग्रामीणों ने खेली होली

कटेमा कैंप मे आईटीबीपी 40 वाहिनी के जवानों ने ग्रामवासियों के साथ जमकर होली खेली। ढोल नगाड़ों की थाप साथ फाग गया और आपस मे एक दूसरे को रंगोत्सव की बधाई दी। गौरतलब है कि सघन वनांचल में बसे कटेमा गांव में आईटीबीपी कैंप द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम तहत ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन जीने लगातार विभिन्न प्रकार का कार्यक्रम आयोजित कर रही है। 24 घंटे मेडिकल और वेटनरी सहायता के साथ साथ हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने रंगोत्सव आयोजन मे आमंत्रण के लिए वाहिनी के सेनानी अंनत नारायण दत्ता सहित सभी अधिकारियों व जवानों का आभार माना है।

### शत-प्रतिशत मतदान की अपील



**राजनांदगांव।** निषाद समाज मछुआ प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष व डोंगरगांव भाजयुमो नेता कुलेश्वर निषाद ने अपने समाज सहित सभी महिलाओं व पुरूषों से अपील करते इस बार लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हेतु ज्यादा से ज्यादा महिलाओं का वोट प्रतिशत होने की संभावना व्यक्त की है। कुलेश्वर ने समाज में अधिक से अधिक मतदान करने के साथ-साथ जन जागरूकता कार्यक्रम चलाकर समाज को शिक्षा के साथ अपने आर्थिक मूल्यों पर भी ध्यान आकर्षित कराते इस बार लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढ़ने का आश्वासन दिया। साथ ही कहा कि समाज की दशा और दिशा के लिए भी निषाद समाज एक अहम भूमिका निभाई जा रही है। कुलेश्वर ने सभी लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने जागरूक कर रहे हैं।

## सार समाचार

### शक्तिपीठ में यज्ञ-हवन के बीच होलिका दहन



**राजनांदगांव।** गायत्री शक्तिपीठ में 24 मार्च को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका दहन कार्यक्रम में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। होलिका दहन पश्चात लोगों ने एक-दूसरे पर रंग-गुलाल लगाया। व्यवस्थापक ओमप्रकाश ने बताया कि होलिका दहन के पूर्व शक्तिपीठ परिसर में यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वेदमाता मां गायत्री व भगवान महाकाल सहित भगवान श्रीहरि विष्णु को आहूति प्रदान की गई। इस दौरान गायत्री परिजन, वरिष्ठ कार्यकर्ता बद्रीनाथ महोबिया द्वारा होलिका में अग्नि प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, मुरली चौधरी, उषा महोबिया, सौरभ खंडेलवाल, हरिश गांधी, रुपाली गांधी, कमलेश साहू, राहुल अग्रवाल, विजय कौशिक, विनय महोबिया, राजेश सोनी, गिरीश ठक्कर, अंजू ठक्कर, सुषमा बहन आदि द्वारा होली में गोबर कंडों की माला व गेहूं नवान्न अर्पित किया। होली पर्व पर सूर्यकांत चितलांग्या, बृजकिशोर सुरजन, जयंती भाई पटेल द्वारा शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान सुखनंदन, ब्रह्मानंद, नृपाराम, सुखमन, देवशरण आदि द्वारा युग संगीत का गायन किया गया। वहीं रमेश च्यवन ने होली गीत, ब्रह्मानंद ने फाग गीत सुनाया। जानकारी ओमप्रकाश द्वारा दी गई।

### लोक कलाकारों ने मनाया होली मिलन



**राजनांदगांव।** ग्राम कन्हारपुरी में लोक कलाकारों ने रंग-गुलाल की बौछारें सहित फाग गीत व काव्य रस की फुहारें उड़ाकर होली मिलन कार्यक्रम मनाया। इस दौरान कलाकारों द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी एक अप्रैल को मंदराजी दाऊजी का जयंती कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया। सुप्रसिद्ध लोक गायक महादेव हिरवानी के निवास कन्हारपुरी में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्यकार आत्माराम कोशा ने की। इस दौरान सीताराम श्रीवास व युवराज भारती द्वारा एक अप्रैल को सुबह से शाम, रात तक तीन सत्रों में संपन्न होने वाले दाऊ मंदराजी जयंती कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। इस अवसर पर नाचा कलाकार चतुर सिंह बजरंग, छन्नूलाल साहू, नत्थन साहू, भूषण नेताम, फगवाराम यादव, प्रेमलाल साव, महादेव हिरवानी आदि की उपस्थिति में जस गायक मनहरण साहू ने मंदराजी दाऊ के साथ अपनी सामीप्य लाभ का उल्लेख करते जस गीत का गान किया। वहीं लोक कलाकार फगुवा यादव ने फाग गीत सुनाकर माहौल को रसमयता दी। नाचा कलाकार चतुर दाऊ, भूषण नेताम, छन्नू-नत्थन दास, लोक कलाकार राजकुमार साव, धन्नु श्रीवास आदि सहित अन्य कलाकारों ने आदि ने अपने विचार रखे। इस दौरान श्यामलाल बजरंग, धनराज बइगा, गंभीर हिरवानी, मोरध्वज साहू, उत्तम, रोशन साहू, टिमेन साहू, लीला निषाद, चोवाराम, खेमचंद, भोला, राजू नाग सहित बड़ी संख्या में लोक कला अनुरागीजन उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन महादेव हिरवानी ने किया। उक्त जानकारी कवि पवन यादव ने दी।

### बंगाल 1947 'ए सागा ऑफ लव एंड सेपरेशन' आज होगी रिलीज



**राजनांदगांव।** राजनांदगांव में पली-बढ़ी सुरभि कृष्ण श्रीवास्तव की बालीवुड हिन्दी फिल्म बंगाल 1947 'ए सागा ऑफ लव एंड सेपरेशन' कल 29 मार्च को रिलीज होने वाली है। बंगाल 1947 का नाम पहले शबरी का मोहन था और सुरभि इस फिल्म में शबरी की भूमिका में नजर आएगी। यह एक प्रेम गाथा है, जो विभाजन के वक्त बंगाल क्षेत्र के हालातों पर आधारित है। विभाजन के दर्द को बयान करती यह फिल्म अन्य कई मुद्दों पर भी बात करती है और उस वक्त के बंगाल के दर्द, वहां के जनमानस और उनकी संस्कृति को दर्शाती है। बंगाल की पारंपरिक वेशभूषा और वहां के प्रख्यात बाउल गीतों का समावेश इस फिल्म में देखने को मिलेगा। फिल्म में नायिका और नायक के रूप में सुरभि और अंकुर दिखेंगे। बस्तर से आने वाला लड़का जो बचपन का प्यार गाने से सुर्खियों में रहा सहदेव भी आपको फिल्म में देखने को मिलेगा। इसके साथ ही और भी कई दिग्गज कलाकार हैं।

## पृष्ठ 11 का शेष

### बॉर्डर पर पुलिस-नक्सली...

नक्सली कैंप करने की पुख्ता जानकारी मिलने के उपरांत महाराष्ट्र की उप-पुलिस थाना कसनसुर एरिया और छत्तीसगढ़ सीमा के पास भुमकन गांव के जंगल में कैंप किए हुए थे। उक्त सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुमार चिंता के नेतृत्व में एंटी नक्सल यूनिट सी-60 के 8 टीम तथा सीआरपीएफ क्युएटी की टीम नक्सलियों की तलाश में एक्टिव हुई। खोज अभियान के दौरान कैंप कर रहे माओवादीयों ने जंगल पहुंचते ही सुरक्षा बल पर अंधाधुन गोलीबारी की। इस गोलीबारी का अभियान पथक के जवानों ने करारा जवाब दिया। दोपहर से सुबह 4.30 बजे के अंधेरे में गोलीबारी शुरू थी। उक्त मुठभेड़ में माओवादियों ने फोर्स पर बीजीएल दागे, लेकिन एंटी नक्सल यूनिट के जवानों ने घातक प्रहार का मुंहतोड़ जवाब दिया। अभियान पथक के बढ़ते दबाव को देखते हुए माओवादी अंधेरे का लाभ उठाकर घटनास्थल से भाग निकले।

**शव खींच ले गए माओवादी** - शाम 5 बजे से सुबह 4.30 तक रातभर चले इस मुठभेड़ में महाराष्ट्र नक्सल सेल ने हरिभूमि को जानकारी देते बताया कि घटना स्थल की तलाशी में पाया गया कि काफी संख्या में नक्सली कदर मारे गए हैं या घायल हुए हैं, जिन्हें खींचकर साथी नक्सली उन्हें ले गए। खून से लथपथ घसीटने के जगह-जगह निशान मिले हैं।

**नक्सली मोमेंट पर लगातार मिल रही है महाराष्ट्र फोर्स को कामयाबी-** मोहला-मानपुर, कांकेर, बस्तर तथा महाराष्ट्र के गढ़चिरौली बॉर्डर पर बेहद संख्या में नक्सली इकट्ठा होने की खबर सामने आ रही है। लोकसभा चुनाव में नक्सली संगठन तीन जिलों के भीतर कहीं भी किसी बड़ी वारदात के फिराक में है। इधर गढचिरौली फोर्स लगातार एनकाउंटर में बेहद संख्या में नक्सलियों को अब तक मार गिराया है। साथ ही बीहड़ में घुसकर नक्सली जमवाड़ा वाले कैंपों में सीधे आमने-सामने का स्ट्राइक कर माओवादी संगठन को तीतर-बितर कर रहे हैं।

## मोहला-मानपुर जिले के धुर नक्सली क्षेत्र में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जनसंपर्क

# सारी योजनाओं को बंद कर दी भाजपा सरकार ने : भूपेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



जिले के बॉर्डर में नक्सली हलचल के बीच आज जिले के धुर नक्सली क्षेत्र में चुनावी जनसंपर्क को लेकर राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल शेरपार, खडगांव, भर्रीटोला, औंधी, सीतागांव, कोहका, कंदाडी गांव में भारी माहौल के बीच चुनावी जनसभा को संबोधित किया। काफिले के साथ मोहला-मानपुर के विधायक व पूर्व संसदीय सचिव इंद्रशाह मंडावी, पूर्व विधायक श्रीमती तेजकुंवर नेताम , कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी साथ रहे।

उल्लेखनीय है कि आज सुबह 11 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनांदगांव लोकसभा के मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित किया। खडगांव से औंधी तक लगभग 90 किलोमीटर के भीतर विशाल ग्रामीण जनसभा को संबोधित किया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के चुनावी कार्यक्रम को लेकर 90 किलोमीटर का एरिया पुलिस व सशस्त्र बल के छावनी में तब्दील रहा। चुनावी सभा में पहुंचे भूपेश बघेल का फूल माला आरती उतारकर जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। गढ़डोमी से लेकर साल साल्हेभट्टी, राजकट्टा, औंधी तक बाइक रैली निकाली गई।

### वनांचल को बघेल ने दी थी कई सौगातें: मंडावी

विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा कि भूपेश बघेल के आशीर्वाद से वनांचल क्षेत्र ने विकास की नई पटकथा लिखी है। हमें मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के रूप में नए जिला की सौगात मिली है। दो तहसील औंधी, खड़गांव तथा उपतहसील वासड़ी के रूप में सौगात मिली है। नवीन धान खरीदी केंद्र, सड़क, पुल-पुलिया सहित करोड़ों के विकास कार्य भूपेश बघेल के मुख्यमंत्रित्व काल में मिला है और आज समय आया है जब भूपेश बघेल राजनांदगांव से लोकसभा के प्रत्याशी घोषित हुए हैं। हमें उन्हें विधानसभा से भी ज्यादा वोटों से बढ़त बनाकर विजयश्री का आशीर्वाद देना है, जो संसद में राजनांदगांव लोकसभा का मजबूत आवाज बनेगा।

### महुआ खरीदी भी कर दी बंद

पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद प्रत्याशी भूपेश बघेल ने चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ का आम व्यक्ति पश्चाताप कर रहा है। कल्याणकारी योजनाओं को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। महुआ खरीदी वनोपज संग्रह योजना से लेकर, कोदो कुटकी, रागी, गोबर खरीदी, आत्मानंद इंग्लिश मीडियम जैसे योजनाओं में ताला लग गया है।

### यहां भी हो सकती है बैलट पेपर से चुनाव

384 नामांकन दाखिला एवं बगैर बैलेट पेपर से चुनाव को लेकर हरिभूमि के सवाल पर उन्होंने कहा कि पाटन के उनके कार्यकर्ताओं ने ईवीएम मशीन पर शंका जाहिर की। उक्त आधार पर उन्होंने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि ईवीएम मशीन के खिलाफ चुनाव आयोग सुन नहीं रहा है । 384 नामांकन दाखिले के उपरांत बैलेट पेपर से चुनाव आयोग को चुनाव करवाना पड़ेगा। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र में उम्मीदवारी उक्त संख्या में होती है तो बैलेट पेपर से चुनाव नियमों के तहत होगा।

## भाजपा जनजाति भाइयों का विकास चाहती है : संतोष



**राजनांदगांव।** भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय इन दिनों संसदीय क्षेत्र के आदिवासी अंचल का व्यापक दौरा कर रहे हैं। उन्होंने मानपुर-मोहला जिले के ग्रामीण अंचल का प्रवास करते कहा कि भाजपा आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। हम केवल क्षेत्र का भौतिक विकास ही नहीं वरन आदिवासियों के सर्वांगीण विकास के पक्षधर हैं, तभी तो देश के सर्वोच्च पद पर आदिवासी महिला सुशोभित है। आदिवासी बहुल राज्य छत्तीसगढ़ का नेतृत्व भी एक लोकप्रिय आदिवासी नेता को सौंपा गया। ये दोनों बड़ी घटनाएं आदिवासी समाज के प्रति भाजपा के दृष्टिकोण को दर्शाता है। श्री पांडेय ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों में जल, जंगल व जमीन में आदिवासी समाज के प्राकृतिक अधिकार सदैव भाजपा के नेतृत्व में सुरक्षित रहने वाले हैं, उन्हें उनके अधिकार से कोई भी जुदा नहीं कर सकता। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की जनहितकारी नीतियों का जिक्र करते कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक नागरिक को पीने का शुद्ध जल उपलब्ध करने की महत्वाकांक्षी योजना पर काम चल रहा है। इस योजना का लाभ प्रत्यक्ष मिलना प्रारंभ हो गया है, शेष गांवों को भी इस योजना से जोड़ने का काम प्रारंभ हो चुका है। मुक्त राशन वितरण का कार्य चल रहा है। यह योजना अगले पांच वर्षों तक चलने वाली है। जनजाति भाइयों एवं बहनों को प्रधानमंत्री आवास के तहत पक्के मकान उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांव-गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा जा रहा है। भाजपा प्रत्याशी पांडेय ने बिहरीकला ग्राम से अपने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की, फिर वे पंडारितराई, गोपालीनचुआ, बोईरडीह, मुरेटीटोला, भगवानटोला, अरजकुंड, पटेली, तुमड़ीकसा, भर्रीटोला व ग्राम नीचेकोहड़ा में जनसम्पर्क कर लोगों से आशीर्वाद मांगा व कमल फूल निशान का बटन दबाने का आग्रह किया। इस दौरान वे कौड़ीकसा में भाजपा मंडल के संयुक्त मोर्चा की बैठक लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं से चर्चा भी की। इस दौरान उनके साथ संजू शाह, मदन साहू, नम्रता सिंह, खोरबहराराम यादव, शत्रुहन चुरेन्द्र, रमेश हिड़मे, नरसिंह भंडारी, लखन कलामे, राधिका अंधारे, शिवप्रसाद शर्मा, कमलेश सारश्वत, योगेंद्र कुड़पी, भोजेश शाह, राजू तानडिया, जनक सोनवानी, आशीष दिवेदी, राजू तिवारी, मनोज नेताम, सविता शोरी, शेखर मानिकपुरी, वीरेंद्र कड़यि, चंद्रप्रकाश दखने व नोहर सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ग्रामवासियों को किया मतदान के लिए प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के संकुल संगठन मुसराकला में मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा हाथों में मेंहदी लगाकर जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही रंगोली प्रतियोगिता के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान के लिए ग्रामीणों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान सभी को मतदाता शपथ दिलाई गई।

कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में स्वीप अंतर्गत लगातार मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6-राजनांदगांव अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई है। मतदान जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत बिहान की स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा अपने-अपने ग्राम संगठन एवं संकुल संगठन स्तर पर शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए ग्रामीणों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा है। संकुल संगठन मुसराकला में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वसहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई।

# अलालीराम की मौत के बाद भूपेश ने नहीं ली परिजनों की सुध

- सुरेन्द्र वैष्णव ने पूर्व सीएम पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ गुरुवार को एक बार फिर सुरेन्द्र वैष्णव ने आरोप लगाते मुख्यमंत्रित्वकाल में लिए गए कदमों को लेकर आड़े हाथ लिया है। उन्होंने कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल एक अहंकारी कांग्रेसी नेता हैं।

प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता को संबोधित करते श्री वैष्णव ने कहा कि पूर्व जिलाध्यक्ष अलालीराम यादव की कोरोनाकाल में हुई मौत के बाद पूर्व सीएम श्री बघेल ने परिजनों की सुध नहीं ली। उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सदस्य के तौर पर उन्होंने भाजपा सरकार का विरोध किया था। जिसके कारण उन्हें जेल तक जाना पड़ा था। मुख्यमंत्री बनने के बाद बघेल से मिलना एक स्वप्न के जैसा था। उन्होंने राजनांदगांव की दुर्दशा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अपने लिए सुरक्षा लेने के निर्णय पर कहा कि बघेल भय और आतंक की राजनीति करते हैं, इसलिए उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा की आवश्यकता महसूस हुई।

### पाटन में किसे लड़ाएंगे चुनाव

वैष्णव ने कहा कि राजनांदगांव की जनता बघेल से सवाल पूछ रही है कि चुनाव जीतने के बाद लोकसभा में बने रहेंगे या फिर विधानसभा जाएंगे। उन्होंने बघेल से सवाल किया कि विधानसभा की सीट छोड़ने की स्थिति में क्या वह राजनांदगांव जिले के किसी नेता को चुनाव लड़ने का मौका देंगे या आपके परिवार के सदस्य चुनाव लड़ेंगे। वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भोली-भाली जनता से किए गए वादे बघेल निभा नहीं पाए, इसलिए कांग्रेस प्रदेश में फिसल गई।

# नाटक 'परदेसी क्यों' का मंचन

- विश्व रंगमंच दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन



**राजनांदगांव।** विश्व रंगमंच दिवस पर जन संस्कृति कोलकाता और सृजन सामाजिक संस्था राजनांदगांव द्वारा लेजिस्लेटिव थियेटर विषय पर स्थानीय लायंस क्लब भवन में राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें पलायन के मुद्दे पर नाटक ''परदेसी क्यों..?'' का मंचन किया गया।

वरिष्ठ रंगकर्मी एवं सृजन सामाजिक संस्था के संचालक शरद श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में पहली बार लेजिस्लेटिव (विधायी) थियेटर का प्रदर्शन किया गया। कोलकाता की जनसंस्कृति संस्था के नाट्य दल द्वारा नाटक मंचन के पश्चात दर्शकों से पलायन संबंधी विषय पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में कोलकाता से आए नाट्य निर्देशक डॉ. संजय गांगुली, आनंद वर्गिस, आलोक शर्मा, नीरज बाजपेयी, सुदेश यादव और दिलीप खंडेलवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विपिन ठाकुर ने किया।

नाटक परदेशी क्यों पलायन पर आधारित था। नाटक के माध्यम से यह बताने का प्रयास किया गया कि किन परिस्थितियों में भारी संख्या में लोग रोजी-रोटी के लिए परिवार सहित पलायन कर जाते हैं और उसके बाद उन्हें किन-किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। दर्शक के रूप में कार्यक्रम में अधिवक्तागण, पैरालीगल वालंटियर, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद् एवं बुद्धिजीवि वर्ग उपस्थित थे। नाटक के मंचन के पश्चात दर्शकों से सुझाव, सलाह और विषयवस्तु आधारित विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सभी दर्शकों ने सक्रिय रूप से बढ़-चढ़कर भाग लिया।

डॉ. संजय गांगुली ने कहा कि लेजिस्लेटिव थियेटर केवल मंच तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह मंच के सामने बैठे दर्शकों की अंतिम पंक्ति तक पहुंच रखता है। जिसमें मंच पर अभिनय करने वाले कलाकारों सहित दर्शकों की भी प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भूमिका रहती है। कार्यक्रम में सत्यरंजन पॉल, अयॉन जोरदार, शंकर मित्रा, राकेश ठाकुर, गजेन्द्र बक्शी, योगेन्द्र प्रताप, विजय मानिकपुरी, रितेश देवांगन, पंकज सोलंकी, ललित मानकर एवं दीपिका दवे उपस्थित थे।

### फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम आज

**राजनांदगांव।** अंजोरा क्षेत्र स्थित ग्राम चंगोरी में कल 29 मार्च को शारदा साहित्य समिति निकुम के तत्वावधान में फागुन के रंग कवियों के संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उक्त अवसर पर आयोजित भव्य एवं रंगझाझर काव्य गोष्ठी में अंचल के कवि/साहित्यकारों का जमावड़ा बना रहेगा। उक्ताशय की जानकारी देते शारदा साहित्य समिति निकुम के कवि प्यारेलाल देशमुख ने बताया कि इस आयोजन के मुख्य अतिथि साहित्यकार आत्माराम कोशा व अध्यक्षता डॉ. संतराम देशमुख करेंगे। विशेष अतिथि डॉ. दादूलाल जोशी, जगदीश देशमुख, कैलाश श्रीवास्तव, गोमती निषाद, भेदीबाई कुंवर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन उजियार पवार व हेमंत देवांगन करेंगे। इस दौरान चंद्रिका प्रसाद, दिनेश्वर, कैलाश, राजकुमार, हेमंत, रेणु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी प्यारेलाल ने दी।




# शिक्षा मंडल चौकी में संचालित करेगा सीबीएसई स्कूल

- सामान्य सभा की वार्षिक बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नांदगांव शिक्षा मंडल के सामान्य सभा की बैठक पं. किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय राजनांदगांव के सभागार में आहूत की गई। जिसमें संस्था ने महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

बैठक की अध्यक्षता गिरीश शुक्ला अध्यक्ष राजनांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा की गई। बैठक में महत्वपूर्ण विषय को लेकर निर्णय लिए गए। जिसमें चौकी में संचालित कृषि महाविद्यालय भवन में सीबीएसई स्कूल खोलने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से लिया गया। सदस्यों ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 से ही सीबीएसई स्कूल प्रारंभ करने की सहमति प्रदान की एवं समस्त कार्रवाई हेतु संस्था के सचिव सुरेश एच.लाल, प्रशासक डॉ. आरएन सिंह को कार्रवाई हेतु अधिकृत किया गया।

संस्था के सचिव सुरेश एच. लाल ने स्थानीय विधि महाविद्यालय में कराए गए कार्यों की जानकारी समस्त सदस्यों को प्रदान की। जिसमें महाविद्यालय गेट में परिवर्तन ग्राउंड लेवलिंग एवं मुरमीकरण, कटीले तार लगाना जैसे महत्वपूर्ण कार्य की जानकारी सदस्यों को दी गई, जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया। पं. किशोरी लाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव की छत की ग्रेडिंग एवं वाटर प्रूफिंग कार्य तथा पानी निकासी की कार्रवाई करने की जानकारी सचिव श्री लाल द्वारा दी गई। इस पर सदस्यों ने अपनी सहमति प्रकट की। वार्षिक उत्सव विधि महाविद्यालय की जानकारी सदस्यों को दी गई। कृषि महाविद्यालय अंबागढ़ चौकी के अधिक स्थान एवं सुचारू संचालन के संबंध में सदस्यों को सचिव श्री लाल द्वारा जानकारी दी गई। अध्यक्ष श्री शुक्ल द्वारा कृषि महाविद्यालय अं. चौकी को कृषि कार्यों की जानकारी सदस्यों से साझा की गई। किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक प्रगति एवं योजनाओं की जानकारी डॉ. आरएन सिंह ने सदस्यों को प्रदान की तथा वित्तीय सहायता का प्रस्ताव रखा, जिसे सदस्यों ने स्वीकार कर लिया गया। बैठक में अध्यक्ष गिरीश शुक्ला, नंदकुमार अग्रवाल, सचिव सुरेश एच. लाल, अशोक कोटडिया, अनिल वैष्णव, महेंद्र लूनिया, रमेश खंडेलवाल, मुकेश राठी, जैसल लाल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, किशोर बेलावाला, सुरेंद्रपाल सिंह भाटिया, हरीश खंडेलवाल, हरीश टांक और शरद अग्रवाल उपस्थित थे।





## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत पाण्डातराई में हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई में होली त्यौहार बड़े हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया, वहीं नगर पंचायत पाण्डातराई में लोग सुबह से नगाड़े की थप से झूमते नाचते गाते नजर आए। नगरवासियों द्वारा होली का पर्व एक दूसरें को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी। वहीं लोग होली त्योहार धूमधाम व आनंदत्साह के साथ छोटे बच्चे व बूढ़े सहित जवान सभी ने होली के रंग में रंगें व होली पर्व धूमधाम व मस्ती के साथ होली का त्योहार मनाया गया।

### जय भारत पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली पर्व, दिखा भारी उत्साह



**हरिभूमि पाण्डातराई।** नगर पंचायत पाण्डातराई स्थित जय भारत पब्लिक स्कूल मे होली पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वहीं छात्र छात्राओं नें एक दूसरे को रंग-लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी, वहीं जय भारत पब्लिक स्कूल के छात्राओं ने जमकर होली मनाई।

### शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में रंगोत्सव-बसंतोत्सव होली पर्व मना गया



**हरिभूमि पिपिरया।** विकासखण्ड कवर्धा के संकुल मरका अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला देवरी में रंगोत्सव-बसंतोत्सव होली पर्व बड़े ही हर्षोल्लाष एवं धूमधाम से मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को जमकर रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाईयां व शुभकामनाएं दी। जिस पर प्रधान पाठिका श्रीमति हेमलता शर्मा ने कहा कि यह पर्व धार्मिक -सामाजिक, सांस्कृतिक महत्व का पर्व है जो सामाजिक एकता एवं भाईचारा को बढ़ाता है। उक्त अवसर पर प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा, सुनीता, धर्मराज, बिंदु, रूखमणी साथ ही साथ बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## समोसे का ठेला लगाने वाले ने लिया नामांकन फॉर्म

# जीतने के बाद संसद में पूरे होंगे सभी काम: अजय पाली

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा


लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है, राजनांदगांव




लोकसभा सीट के लिए कवर्धा के समोसा बेचने वाले अजय पाली ने नामांकन फार्म खरीदा है। उनका कहना है कि यदि वे चुनाव जीतते हैं तो सबसे पहले कवर्धा जिले में रेल सुविधा के लिए प्रयास करेंगे, इसके अलावा जनता के मुद्दों को संसद तक लेकर जाएंगे।

अजय पाली ने बताया कि नेताओं के वादों से परेशान होकर वह चुनावी रण में कूदे हैं। उन्होंने सभी प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर देने की भी बात कही है। वहीं, पोस्टर और बड़े खर्चे वाला चुनाव न लड़कर घर-घर जाकर वोट मांगने की बात कही है। पाली ने बताया कि वह समोसा बेचने का काम करते हैं, जिससे उनके परिवार का जीवन यापन होता है। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के मुद्दे को लेकर वह जनता के बीच जाएंगे। अजय पाली अब तक तीन बार लोकसभा चुनाव और तीन बार विधानसभा चुनाव लड़ चुके कवर्धा के समोसा वाले बाबा अजय पाली ने इस बार राजनांदगांव से चुनाव लड़ने की तैयारी की है। उन्होंने बकायदा पहले ही दिन नामांकन पत्र भी ले लिया है। राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र क्रमाक 6 के लिए जारी हुई अधिसूचना के पहले दिन समोसा वाले बाबा अजय पाली नामांकन लेने पहुंचे।

### जनता की सेवा करने की प्रबल भावना



उन्होंने बकायदा नामांकन पत्र के लिए 25 हजार रुपए जमा किए। वो आज भी 10 रुपए का चार समोसा बेचते हैं। समोसा बेचकर अपनी आजीविका चलाने वाले अजय पाली उर्फ बाबा ने विधानसभा चुनाव भी लड़ा था, उन्हें शिवसेना ने टिकट दिया था। ये बात अलग है कि आज तक वो एक भी चुनाव जीते नहीं हैं। अजय पाली का कहना है कि वो जीतने या हारने के लिए चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, बल्कि उनके मन में जनता की सेवा करने की प्रबल भावना है। यही वजह है कि कम रकम और संसाधन के अभाव होने के बाद भी वे चुनाव मैदान में खड़े हैं. बता दें कि इससे पहले भी बाबा 3 बार चुनाव लड़ चुके हैं. दो बिलासपुर लोकसभा से और एक राजनांदगांव लोकसभा सीट से चुनाव लड़ चुके हैं। वहीं नगर पालिका चुनाव में भी अपनी किस्मत आजमा चुके हैं। अजय पाली ने अपनी दुकान का नामकरण नहीं किया है बल्कि लोगों ने ही इस दुकान का नाम रख लिया है। लोग इन्हें बाबा समोसा वाले के नाम से जानते हैं। पूरे शहर में इनके समोसे की काफी डिमांड है, बाबा की दुकान की खासियत यही है कि यहां कभी भी ठंडा समोसा नहीं मिलता। खरीदने वाले को 20 मिनट से भी ज्यादा इंतजार करना पड़ता है. चुनाव प्रसार के चलते अभी दुकान में समय कम दे पा रहे हैं, लेकिन जब भी समय मिलता है बिना संकोच अपने मूल काम में जुट जाते हैं. शिवसेना का पट्टा गले में लगा. समोसा बनाने के हुनर के साथ लोगों को अपनी ओर खींचने की जुगत में लगे रहते हैं।



# वनांचल क्षेत्र में होली मिलन समारोह में शामिल हुए: विधायक धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत वनांचल क्षेत्र ग्राम छिंदीडीह में होली मिलन समारोह व सामूहिक भोज का कार्ग्रकम आयोजित किया गया था, जिसमें हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के भाई-बहन सामूहिक भोज में उपस्थित थें। पंडरिया के माटी पुत्र तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी विधायक श्री सिंह वनांचल क्षेत्र छिंदीडीह में इष्टमित्रों, भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ रहमान कांपा, सागौना, मुनमुना, कुकदूर, भाकुर, सारपानी, सेन्दुरखार के ग्रामवासियों नें विधायक धर्मजीत सिंह का रंग-गुलाल लगाकर भव्य स्वागत किया, जिसमें महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और ग्राम छिंदीडीह में भोज का भी आयोजन किया गया। जिसमें पंडरिया भाजपा मंडल के पदाधिकारी गण, कुकदूर भाजपा मंडल के पदाधिकारी गण, तखतपुर, लोरमी, कोटा, कवर्धा, पाण्डातराई, बिलासपुर, मुंगेली सहित परिवार जन उपस्थित थें।

तखतपुर के पूर्व विधायक राजू सिंह क्षत्रिय, नपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण, अधिवक्ता गण सहित पंडरिया क्षेत्र के तथा आसपास के ग्रामवासियों नें बैगा नृत्य के साथ विधायक श्री सिंह का स्वागत व सम्मान किया।

ग्रामवासियों विधायक श्री सिंह को अपने बीच पाकर गदगद व उत्साहित नजर आए, क्योंकि विधायक धर्मजीत सिंह ने पंडरिया के अंतिम छोर में बसे सेन्दुरखार में मड़ाई-मेला का आयोजन उनके नेतृत्व में ही शुभारंभ किया गया था जो आज तक चल रहा है और वह परंपरा निरंतर जारी है, ग्राम सेंन्दुरखार में हमेशा की तरह मित्र मिलन कार्यक्रम करना वनवासियों के बीच बैठकर आपस में बातचीत चर्चा करना, उनकी समस्याओं से अवगत होकर निराकरण कराना और भोज पर आमंत्रित करना उनके इस परिदृश्य में रहा है जब वे लोरमी-पंडरिया क्षेत्र के विधायक थे तब भी उन्होंने वनांचल क्षेत्र के लिए ऐसे अनेकों काम किए जिनके कारण उनकी लोकप्रियता सभी दिलों में है।

विधायक श्री सिंह नें कहा कि आने वाला समय में आप लोगों का कोई समस्या नहीं रहेगा इस प्रदेश में आप लोगों के सहयोग से मुख्यमंत्री विष्णु देव की सरकार है जो स्वयं आदिवासी समाज के हैं और आदिवासियों के हित को और उनकी समस्याओं को बहुत अच्छी तरह से जानते है, मैं जरूर हर सुख-दुख में आप लोगों के साथ हूं बस किसी माध्यम से सूचित कर दो अब तो आप लोगों के गांव में बात करने के लिए मोबाइल टावर की भी सुविधा सरकार द्वारा उपलब्ध करा दी गई है कभी भी किसी भी समय मुझे आप लोग बातचीत चर्चा कर सकते हैं, विधायक धर्मजीत सिंह ने स्वयं सुंदूर वनांचल क्षेत्र के लोगों को खाना परोसकर मां का आशीर्वाद प्राप्त किया और उन्होंने यह भी कहा आपका बेटा आपका भाई आपका चाचा जिसका जो रिश्ता हो वह व्यक्ति आप लोगों के आशीर्वाद से आज तखतपुर का विधायक बना है यह मेरा गौरव नहीं या आप लोगों का गौरव और तखतपुर का सम्मान है इसका पूरा श्रेय में इस वनांचल क्षेत्र के भोले भाले आदिवासी बैगा समाज को जाता है जिसके लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

साथ ही जब धर्मजीत सिंह 1998 में पहली बार पंडरिया के विधायक बने थे तब ग्राम छिंदीडीह की सरपंच बिगरीबाई थी उन्हें भी धर्मजीत सिंह ने कार्यक्रम में बुलाकर उनका सम्मान किया। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि गण व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# तेज धूप व गर्मी को देखते हुए सुबह स्कूल लगाए जाने की मांग

- तेज धूप व उमस से आम नागरिक परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

शहर सहित अंचल में सूरज की तीखी तेवर की रूख दिखाई दे रही है। जिससे गर्मी व तेज धूप तथा उमस से आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार तेज धूप व उसम से लोग परेशान नजर आ रहें हैं वहीं लोग घर से बाहर निकलनें से कतरा रहें है इन दिनों तेज धूप व उमस की एहसास हो रहा है वहीं ज्यादातर परेशानियां स्कूली छात्र छात्राओं को सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों जिम्मेदारों व शासन प्रशासन से अपील करते हुए तेज धूप गर्मी तथा उमस को देखते हुए स्कूल 10 से 4 तक समय सारिणी को बदलकर शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के छोटे-छोटे छात्र छात्राओं को सुबह स्कूल लगाया जाए ताकि छात्र-छात्राओं को भी गर्मी धूप एवं उसम से बचाया जा सके। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी व उसम को देखते हुए समय पर बदलाव किया जाए व सुबह स्कूल आदेश जारी किया जाए ताकि तेज गर्मी व लू से बचा जा सकें।

### बड़ौदाकला में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल बडौदा कला में मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत संस्था के प्राचार्य मोहम्मद जाकिर ने लोकतंत्र की इस महापर्व में मतदान का महत्व बातकर इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने कि अपील की तथा इसके महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण जनों, प्राथमिक शाला, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं व स्टाफ को मतदान की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में शिक्षकों, बच्चों एवं ग्रामीण जनों का सराहनीय योगदान रहा।

### देहानडीह में रंगोत्सव-बसंतोत्सव मनाया गया



**हरिभूमि सहसपुर लोहारा।** विकासखण्डा सहसपुर लोहारा अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दैहानडीह में मंगलवार को रंगोत्सव-बसंतोत्सव का पावन पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। वहीं छात्र छात्राओं द्वारा जमकर होली का पर्व मनाते हुए एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाईयां दी। इस अवसर पर शिक्षकों ने बताया कि होली पर्व सबसे प्राचीन महत्वपूर्ण पौराणिक धार्मिक सामाजिक महत्व का लोकप्रिय त्योहार है, जिसे रंगोत्सव, बसंतोत्सव, फगुआ, धुलेंडी आदि नामों से जाना जाता है इस दिन एक-दूसरे को रंग, अबीर-गुलाल लगाते हुए ढोल-नगाड़े की धून में फाग गीत गाए जाते हैं। घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं तथा यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक रमेश कुमार चौरिया, शिक्षक कुंजबिहारी साहू तथा समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# चाकू से प्राण-घातक हमला के आरोपियों को दशरंगपुर पुलिस ने धर-दबोचा

- अवैध अपराधिक गतिविधियों पर दशरंगपुर पुलिस की लगातार कार्यवाही जारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭दशरंगपुर



जिले में अपराधिक व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा समस्त थाना चौंकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं 25 मार्च को ग्राम बहरमुडा चौकी दशरंगपुर में गुलाल लगाने की बात पर हुई मारपीट व गाली-गलौच एवं जान से मारने के नियत से चाकूबाजी की घटना ग्राम बहरमुडा में होने पर प्रार्थी हेमंत साहू की रिपोर्ट पर अपराध क्रंमाक 124/24 धारा 294, 323, 307 व 34 भादवि का प्रकरण दर्जकर दशरंगपुर चौकी प्रभारी अरविंद साहू द्वारा ग्राम बहरमुडा में हुई उक्त घटना के फरार आरोपी श्याम पांडेय एवं राम पांडेय को टीम गठितकर अलग-अलग स्थनों में लगातार दबिस देकर 27 मार्च को चौकी दशरंगपुर पुलिस टीम को अथक प्रयास पर बड़ी सफलता मिली।

मामले के आरोपी श्याम पांडेय एवं राम पांडेय को न्यू आंनद नगर भनपुरी रायपुर से पकड़ा गया एवं घटना से प्रयुक्त चाकू जप्त किया गया, आरोपियो को विधिवत रायपुर में गिरफ्तार कर चौकी दशरंगपुर लाया गया। वहीं आरोपी श्याम पांडेय का पूर्व अपराधिक रिकार्ड खंगालने पर ज्ञात हुआ कि आरोपी श्याम पांडेय के विरूद्ध थाना खमताराई रायपुर मे चोरी, मारपीट एवं आम्स एक्ट के तहत अन्य मामले दर्ज है उक्त आरोपियो को गुरूवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी अरविंद साहू, गुरविंदर सिंह संधू, संदीप चौबे, संजय गुप्ता, विजय चन्द्रवंशी, तिरथ साहू एवं समस्त स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

## बूथ विजय अभियान भाजपा शहर मण्डल के बैठक में शामिल हुए कांग्रेस और निर्दलीय पार्षद

# भाजपा शहर मंडल का बूथ विजय अभियान बैठक सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बूथ विजय अभियान के तहत स्थानीय जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा शहर मंडल का बैठक सम्पन्न हुआ। इस बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी, नपा कार्यवाहक अध्यक्ष मनहरण कौशिक, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के उपस्थिति में राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी संतोष पांडेय को भारी बहुमत से विजय दिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं ने लिया। बूथ विजय अभियान के तहत प्रत्येक बूथ में जाकर लाभार्थी संपर्क एवं प्रत्येक बूथ पर घर घर झंडा लगाने के संदर्भ में व्यापक रणनीति पर चर्चा किया गया।

इस दौरान वार्ड नं 13 से कांग्रेस पार्षद श्रीमती महिमा राजेश गुप्ता एवं निर्दलीय वार्ड 11 से पार्षद श्रीमती जानकी कपिल जायसवाल ने भाजपा की रीति नीति और नरेन्द्र मोदी के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा प्रवेश किया, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं जिला अध्यक्ष अशोक साहू ने पार्षदो को गमछा पहनाकर भाजपा प्रवेश कराया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन 10 वर्षो में जो कार्य किए है उनसे भी बड़े कार्य आगामी वर्षो में होंगे। केंद्र में मोदी सरकार ने 370 अनुच्छेद हटाया, सीएए ट्रिपल तलाक जैसे कानून बनाए वही दूसरी ओर गरीबो को पक्का मकान, शौचालय और किसानों को कृषक सम्मान निधि जैसे लाभ सीधे हितग्राहियों तक पहुचाएं। प्रधानमंत्री के अबकी बार 400 पार के संकल्प को पूरा करना हम सब कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है और अधिक परिश्रम के साथ चुनावी रण में हमे उतरना है।

वही पूर्व विधायक मोतीराम चंद्रवंशी एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने आगामी चुनाव के मद्देनजर बूथ स्तर पर होने वाले कार्यक्रमो को विस्तार से कार्यकर्ताओ के समक्ष रखा। बैठक में सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण मौजूद रहे सभी ने अबकी बार 400 पार के नारे को धरातल में कर दिखाने का संकल्प लिया, बूथ विजय अभियान के तहत 30 मार्च से घर घर झंडा लगाकर चुनाव समर में उतरेंगे।

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, महामंत्री संतोष पटेल, पूर्व पालिका अध्यक्ष अनिल सिंह, भाजपा उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, पूर्व उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, कोषाध्यक्ष रूपेश जैन, गणेश तिवारी, श्रीमती मधु तिवारी, श्रीमती सतविंदर पाहुजा, मंडल महामंत्री रिंकेश वैष्णव, उपाध्यक्ष श्रीकान्त उपाध्याय, सालिक निर्मलकर, गोपाल साहू, भगवनतीं अहिरवार, पार्षद पवन देवांगन, प्रमोद शर्मा, अनिल साहू, देवा साहू, अजय गुप्ता, डॉ कपिल चंद्रवंशी, रामकुमार ठाकुर दाऊ, राजेन्द्र सलूजा, सुशील तिवारी, जसवंत छाबड़ा, सुनील ठाकुर सहित शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, बूथ अध्यक्ष, बूथ सचिव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें।

ज्योतिषी
पता- दीपक महाराज
Mo. 9300415345

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

**खबर संक्षेप**

### परीक्षा के लिए पंजीयन की तिथि 27 मई तक

**कवर्धा।** कवर्धा स्कूली बच्चों को वित्तीय रूप से सक्षम बनाने के लिए राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र कक्षा 6वीं से 12वीं के स्कूली बच्चों के लिए वित्तीय साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा (एनएफएलएटी) आयोजित की जाती है, ताकि छात्रों को बुनियादी वित्तीय साक्षरता कौशल के बारे में जागरूक किया जा सके। स्कूलों के परीक्षा में भाग लेने के लिए पंजीयन 27 मई तक किया जाएगा। परीक्षा 31 मई तक होगी। परीक्षा का विवरण और संदर्भ सामग्री https://ncfe.org.in/NFLAT पर देखा जा सकता है।

# पेंशन पाने भटक रहे हैं वनांचल के विधवा, वृद्ध, निराश्रित और विकलांग हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान

सरकार द्वारा किए जा रहे तमाम दावों के बावजूद शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत वास्तव में विपरीत होती है। उदाहरण के तौर पर समाज के दिब्यांगों, वृद्धजनों और निराश्रित तथा विधवा महिलाओं को राहत के तौर पर मिलने वाली मासिक पेंशन विगत पाँच महीनों से नहीं मिल रही है जिससे इन वर्गों के हितग्राहियों के सामने जीवन यापन में काफी कठिनाई हो रही है। पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत आने वाले कोदवागोडान के अनेक हितग्राहियों ने बताया कि उनके खाते में अक्टूबर 2023 तक की राशि दिसंबर जनवरी में प्राप्त हुई है। वहीं माह नवंबर से लेकर अभी तक पेंशन की राशि अप्राप्त है। जब इस सम्बन्ध में ग्राम पंचायत एवं पंडरिया जनपद पंचायत से जानकारी ली गई तो बताया गया कि यहां से प्रतिमाह पात्र हितग्राहियों की सूची शासन के पास भेज दी जाती है जबकि हितग्राहियों के खातों में राशि जारी करना शासन स्तर पर किया जाता है। बताया गया कि शासन स्तर से जारी होने वाली मुख्यमंत्री पेंशन योजना की राशि माह अक्टूबर के पश्चात जारी नहीं हुई जिसके संबंध में जिला स्तर पर कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है।



फाईल फोटो

**पेंशन के लफड़े में महतारी बंदन**

गत दिनों प्रदेश के मुख्यमंत्री ने एक बयान में बताया कि महतारी वन्दन की राशि हर महीने की 7 तारीख तक महिलाओं के खाते में भेज दी जाएगी। यहां गौरतलब बात यह है कि जिन वृद्ध, निराश्रित अथवा विधवा महिलाओं को पहले से पेंशन के तौर पर 500 रूपए मिल रहा है उन्हें महतारी बंदन के तहत 500 रूपए मिलाकर ही कुल एक हजार रुपए प्रतिमाह दिया जाना है। अब, चूंकि पूर्व से पेंशन पाने वाली महिलाओं को विगत 5 माह से पेंशन नहीं मिल रहा है इसीलिए ऐसी सभी हितग्राही महिलाओं के खातों में महतारी वंदन के प्रथम क्रस्ति के रूप में सिर्फ पांच सौ रुपए ही आए जिसे लेकर हितग्राहियों में काफी असन्तोष दिखाई दे रहा है। सवाल यह भी है कि अगर मुख्यमंत्री पेंशन के जारी होने में इसी तरह की अनियमितता बनी रही तो ग्रामीण अंचल की मानसिक और शारीरिक स्तर पर कमजोर तथा अशक्त महिलाओं में हमेशा असमंजस की स्थिति बनी रहेगी कि उनके खाते में कब और किस योजना के तहत कितनी राशि आई और कौन उन्हें ये सब समझ पाएगा? इस गड़बड़ झाले में उनको मानसिक तनाव भी झेलना पड़ेगा। इस मामले को गम्भीरता से लेते हुए इसका निराकरण किया जाना उचित होगा।

**प्रतिक्रिया:** न्यायालय के फैसले के बाद डिप्टी सीएम ने कहा सत्य मेव जयते

# डिप्टी सीएम व भाजपा भाजपा नेता एक्ट्रोसिटी मामले में दोष मुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

वर्ष 2022 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान जिला खाद्य अधिकारी द्वारा कवर्धा कोतवाली में भाजपा नेता विजय शर्मा एवं कैलाश चन्द्रवंशी के खिलाफ दर्ज कराए गए एक्ट्रोसिटी के एक मामले में गुरूवार को जिला एवं सत्र न्यायालय ने फैसला सुनाते हुए दोनो आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया है। न्यायालय के इस फैसले के सामने आते ही भाजपाईयों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं विजय शर्मा ने इसे सत्य की जीत बताते हुए कहा सत्यमेव जयते। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में तात्कालिक कांग्रेस शासनकाल के दौरान जिला पंचायत के सभापति विजय शर्मा के पास उनके जिला पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा शिकायत दर्ज कराई थी की पात्रता के बाद भी खाद्य विभाग द्वारा उनका गरीबी रेखा का राशन कार्ड नहीं बनाया जा रहा है। बताया जाता है कि ग्रामीणों की इस शिकायत के बाद विजय शर्मा और भाजपा नेता कैलाश चन्द्रवंशी ग्रामीणों के साथ जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय पहुंचे थे। जहां उन्होने इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी से चर्चा की। बाद में जिला खाद्य अधिकारी ने इसी मामले में विजय शर्मा तथा कैलाश चन्द्रवंशी पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत कवर्धा कोतवाली में कर दी थी। जिस पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एक्ट्रोसिटी के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार किया था। इस मामले में विजय शर्मा और कैलाश चन्द्रवंशी को करीब 15 दिनो तक जेल में रहना पड़ा था बाद में उन्हें जमानत पर रिहा किया गया था। वहीं पुलिस ने जांच उपरांत मामला जिला एवं सत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। जिस पर करीब डेढ़ साल तक चली सुनवाई के बाद गुरूवार को न्यायालय ने दोनो पक्षों की दलीले सुनने के बाद विजय शर्मा तथा कैलाश चन्द्रवंशी को दोष मुक्त कर दिया। न्यायालय के इस फैसले के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जबरदस्त खुशी देखी गई। विजय शर्मा और कैलाश चन्द्रवंशी की तरफ से मामले की पैरवी वरिष्ठ अधिवक्ता पोखराज सिंह परिहार ने की।

**पांच सालों तक कांग्रेस ने ऐसे ही झूठे मामलो में लोगों को फंसाया: विजस शर्मा**



फैसले के बाद न्यायालय परिसर से बाहर निकले प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने स्थानीय पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि आम गरीब लोगों का राशन कार्ड नही बन रहा था, जिनकी जीविका राशन दुकान से मिलने वाले खाद्यान्न सामग्री से चलती है ऐसे लोगो के लिए एक जनप्रतिनिधि होने के नाते किसी ऑफिस में जाना और अधिकारियों से बात करना तत्कालीन भूपेश सरकार में अपराध हो गया था। राजनीतिक प्रतिद्वद्ता न बढ़ जाए इसलिए तत्कालीन विधायक मो. अकबर ने मौके का फायदा उठाते हुए इस मामले में विशेष रूचि दिखाते हुए एक सोची समझी साजिश के तहत उनके खिलाफ मामला दर्ज करवा दिया। श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में उनके नेताओं ने पूरे पांच सालों तक लोगों और अपने प्रतिद्वंदियों को इसी तरह से अलग-अलग ढंग से झूठे मामलों में फंसाने का काम किया है। किंतु अंत मे सच्चाई की जीत होती है इसलिए कहा गया है सत्य मेव जयते। उन्होने कहा कि माननीय न्यायालय ने इस मामले में मुझे और कैलाश चंद्रवंशी को आज दोष मुक्त किया है, हम न्यायालय के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

### करीब पंद्रह दिनो के लिए भेजा गया था जेल

विजय शर्मा ने बताया कि कवर्धा में हुए ध्वज विवाद के बाद हमें आरोपी बनाया गया था। ध्वज विवाद मामले में न्यायालय से हमें जमानत मिलना कवर्धा विधायक को न गवार गुजरा इसलिए उन्होने एक्ट्रोसिटी का सहारा लेकर हमें करीब 15 दिनों तक जेल भेज भिजवा दिया। इस प्रकरण में हमें जमानत न मिले इसके लिए हर संभव प्रयाश किए गए। लेकिन कोरोना काल मे तीन वर्ष से कम सजा वालों को जमानत देने के प्रावधान के तहत हमें जमानत पर रिहा कर दिया गया। सुनने में तो यह भी आया था कि जमानत के इस नियम को रातों रात खत्म करने का भी प्रयाश किया गया था। उन्होंने कहा मेरे खिलाफ दर्जनों प्रकरण राजनीतिक कारणों से प्रेरित होकर दर्ज किए गए थे। जिनमें से एक में मुझे माननीय न्यायालय ने दोष मुक्त किया है। न्यायालय के प्रति हम आभार व्यक्त करते है। उन्होने कहा देर से ही सही पर जीत तो सत्य की ही होती है।

### रास्ते से हटाने रची गई थी साजिश

ये पूरा मामला फर्जी, झूठा और राजनीति से प्रेरित था। इसकी पटकथा कवर्धा के तात्कालिन विधायक एवं मंत्री मो. अकबर द्वारा रची गई थी। जब श्री शर्मा को भगवा ध्वज मामले में अन्य आरोपियों की तरह जमानत मिलने की संभावना प्रबल हो गई थी तब मंत्री मो. अकबर द्वारा फर्जी ढंग से उन्हें एक्ट्रोसिटी मामले में फंसाया गया ताकि वे जेल से बाहर न निकल सकें। उनके साथ इस दौरान एक पेशेवर अपराधी की तरह व्यवहार करते हुए कभी जिला जेल से रायपुर सेंट्रल जेल तो कभी सेंट्रल जेल से जिला जेल लाना ले जाना किया गया ताकि इस बीच उन्हें सड़क दुर्घटना या किसी अन्य षणयंत्र के जरिए रास्ते से हटा दिया जाए। लेकिन उनकी मंशा पूरी नहीं हो पाई और अंतत: जीत सत्य की हुई।

**पोखराज सिंह परिहार, वरिष्ठ अधिवक्ता**

# वाहन चेकिंग के दौरान जब्त किए 669210 रूपए नगद



- पुलिस चौकी बाजार चारमाठा पुलिस ने की संयुक्त कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के प्रभावशील होते ही निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा अलग-अलग टीम गठित कर जिले के सभी सीमावार्ती मार्गो में बकायदा बेरिकेटिंग कर आने जाने वाले वाहनो की जांच की जा रही है। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को रोका जा सके। इसी कड़ी में बीते बुधवार को बाजार चारभाटा चौकी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए एक कार से 6,69,210 रूपए जप्त करने में सफलता हांसिल की है। अब पुलिस इस मामले में वाहन सवारों से रकम के संबंध में पूछताछ कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चौकी प्रभारी तारन दास डहरिया के नेतृत्व में लगातार सघन वाहन चेकिग की जा रही है दौरान गत 27 मार्च को पुलिस चौकी बाजार चारमाठा के द्वारा ग्राम गोछिया से खम्हरिया रोड में वाहन चेकिंग के दौरान एक सफेद रंग की इनोवा किस्टा वाहन क्रमांक सीजी 04 एके 5747 को रोककर कार सवारों से पूछताछ की गई जिस पर वाहन सवारों ने अपना नाम रविशंकर चरयानी पिता विजय शंकर चरयानी निवासी गली नम्बर 04 रविग्राम तेलीबांधा रायपुर बताया। जिसके बाद पुलिस ने वाहन की तलाशी ली और एक काले रंग के बैग से नगद 6,69,210 रूपए बरामद किए। जिसके संबंध में कार सवार द्वारा मौके पर कोई दस्तावेज पेश नहीं किया गया। जिसके बाद चुनाव आयोग द्वारा गठित एफएसटी प्रभारी नागेश कुमार तांजय नायब तहसीदार सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम को टेलीफोन से सूचना दी गई और रकम को जप्त कर लिया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद नगदी रकम जप्ती की यह पहली कार्यवाही है। माना जा रहा है कि चुनाव के करीब आते आते इस तरह की कुछ और कार्यवाही देखने को मिल सकती है।

# कवर्धा नगर के विद्युत कार्यालय में घुसा अजगर

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कवर्धा नगर के बिजली विभाग में गुरूवार की दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब दफ्तर में एक अजगर घुस आया। बताया जाता है कि कार्यालय में खौफनाक अजगर कार्यालय के कर्मचारी की नजर पड़ते ही हड़कंप मच गया और इसकी जानकारी तत्काल वन विभाग को दी। सूचना पाकर वन विभाग द्वारा एक स्नेक केचर को तत्काल बिजली विभाग भेजा गया। स्नेक केचर ने बड़े ही सुरक्षित ढंग से अजगर को पकड़कर उसे जंगल में छोड़ दिया। जिसके बाद बिजली दफ्तर के कर्मचारियों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डीईओ के नाम सौंपा ज्ञापन एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में सहायक संचालक यूआर चन्द्राकर को जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपकर जिले के स्कूलों को आगामी एक अप्रैल से प्रातः पाली में संचालित करने की मांग किया। चर्चा के दौरान एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय नया रायपुर द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी पत्र में राज्य शासन के पूर्व के समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए शालाओं के संचालन के संबंध में आगामी आदेश पर्यन्त के लिए स्थाई निर्देश जारी किया गया है, जिसके बिंदु क्रमांक तीन में माह अप्रैल में समस्त शालाओं के लिए समय सीमा प्रातः 7.30 बजे से 11.30 बजे तक निर्धारित किया गया है। सहायक संचालक ने प्रतिनिधियों को आश्वशत किया कि एक अप्रैल से प्रातः पाली में शाला संचालन के संबंध में उच्चाधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र ही आवश्यक निर्देश प्रसारित किया जाएगा। जिले के कई शिक्षकों को उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अनुमति पत्र अब तक जारी नहीं किए जाने के संबंध में ध्यानाकृष्ट किया गया. इस दौरान प्रमुख रूप से एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, वंदना तागड़े, राजकिरण चन्द्रवंशी, राजेन्द्र निर्मलकर, नरेन्द्र चंद्रोल, जनक साहू, अभिषेक जायसवाल, सीमा साहू आदि उपस्थित थे।



# महिने भर की गुहार के बाद भी नहीं बना हैंडपंप

हरिभूमि न्यूज ⏭कोदवागोड़ान



बताया जाता है कि ग्राम कोदवा गोडान के साप्ताहिक बाजार स्थित हैंडपंप लगभग महीने भर से खराब है जिसके चलते मुहल्ले वासियों के अलावा बाजार में आने वालों को गर्मी के मौसम में पीने के पानी को लेकर भटकना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीणों ने बताया कि हैंडपंप खराब होने की जानकारी स्थानीय ग्राम पंचायत सरपंच से लेकर पीएचई विभाग के इस डीओ सहित पंडरिया एसडीएम को देते हुए सुधारने की मांग की गई है किंतु अभी तक कोई झांकने तक नहीं आया है। मुहल्लेवासियों में इस बात से असन्तोष देखा जा रहा है।

**वृद्धाश्रम में बुजुर्ग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने दिया संदेश**

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत आज कलेक्टर जनमेजय महोबे ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत वृद्धाआश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को तिलक लागकर एवं फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया। कलेक्टर श्री महोबे ने सभी वरिष्ठ नागरिकों को लोकतंत्र में मताधिकार प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल, उपसंचालक पंचायत राज तिवारी सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी नागरिकों की सहभागिता आवश्यक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में आम नागरिकों को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। इसके साथ आसपास के सभी नागरिकों को इसके लिए जागरूक करना चाहिए। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि मतदान हमारा अधिकार ही नहीं है, अपितु एक जिम्मेदार नागरिक होने के साथ मतदान करना हमारा मूल कर्तव्य भी है। कलेक्टर श्री महोबे ने वरिष्ठ नागरिकों को बताया कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के लिए दूसरे चरण 26 अप्रैल 2024 को मतदान होना है। उन्होंने सभी मतदाताओं को अपने नजदीकी मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपना मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए प्रत्येक निर्वाचन में मतदान करना चाहिए। वृद्धाआश्रम में वरिष्ठ नागरिकों ने मतदान का संदेश देते हुए कहा कि लोकतंत्र में भागीदारी निभाते हुए सभी को मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। संविधान द्वारा हमे अधिकार दिया गया है और इस अधिकार का उपयोग करते हुए स्वत्रंत, निष्पक्ष रूप से अपने मुखिया का चयन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए। युवा देश का भविष्य है।

# मॉडिफाई बुलेट साइलेंसर वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस ने की चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



कबीरधाम जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, पुष्पेंद्र बघेल के निर्देश पर यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो के मार्गदर्शन में नगर के सिग्नल चौक में विशेष अभियान चलाकार मॉडिफाई साइलेंसर का उपयोग कर साइलेंसर द्वारा पटाखे फोडने एवं तेज रफ्तार से बुलेट वाहन चलाने वाले चालकों पर चलानी कार्यवाही की गई और मोर्डिफाइड साइलेंसर को निकलवाकर कंपनी द्वारा लगाए गए साइलेंसर का ही उपयोग करने समझाईश दी गई। साथ ही पांच हजार की चालानी कार्यवही की गई। यातायात प्रभारी प्रवीण खलखो ने बताया की यातायात पुलिस ने बुलेट वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि वे कंपनी द्वारा प्रदत्त वैध साइलेंसर से किसी प्रकार छेडख़ानी ना करें, मॉडिफाई साइलेंसर लगाना मोटर यान अधिनियम का उल्लंघन है, जिसके तहत जुर्माने का प्रावधान है। वाहन में मॉडिफाई साइलेंसर लगे पाए जाने पर दंडात्मक कार्रवाई के साथ वाहन जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।